# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## आक्रोशित भीड़ ने घर में लगाई आग

इस घटना के बाद सूरजपुर जिले में आक्रोश का माहौल है। घटना के बाद संदेही के घर के सामने भारी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। घर के बाहर लोगों की भीड़ देखकर संदेही आरोपी के परिजन भी घर में छिप गए थे। लोगों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के परिवार के सदस्यों को घर से निकालकर थाने ले गई। इसी दौरान आक्रोशित भीड़ ने उग्र रूप ले लिया और आरोपी के कबाड़ गोदाम, घर को आग के हवाले कर दिया। भीड़ इतनी आक्रोशित थी कि पुलिस की टीम भी उन्हें रोक नहीं पाई।

## दो जवानों को भी वाहन से कुचलने की कोशिश





# दहला सूरजपुर, बदमाश ने सिपाही पर गर्म तेल डाला, हवलदार की पत्नी और बेटी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सूरजपुर/अम्बिकापुर

वहशीपन की हद पार कर चुके आरोपी ने प्रधान आरक्षक की पत्नी और 13 साल की बच्ची को चाकू से गोदने के साथ ही उनका गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने दोनों लाशों को 5 किमी दूर नहर में फेंक दिया। सुबह पुलिस ने दोनों की लाश बरामद की है। इस हत्याकांड से आम नागरिकों के साथ ही पुलिसकर्मी भी सकते में है। इधर घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने संदेही आरोपी के घर को आग के हवाले कर दिया है। भीड़ ने एसडीएम पर भी हमला किया। इस बीच शहर बंद कर दिया गया।

**पुलिस महकमे में हड़कंप एसपी ने बनाई टीम**

रविवार की रात 9 बजे कोतवाली थाने में पदस्थ आरक्षक 38 वर्षीय घनश्याम सोनवानी पुराना बस स्टैंड में मानु बिरयानी सेंटर के बिरयानी के ठेले में बैठकर खाना खा रहा था। इसी दौरान कबाड़ व्यवसायी कुलदीप साहू आ. अशोक साहू मौके पर पहुंचा और पुलिस की कार्रवाई को लेकर आरक्षक से विवाद करने लगा। इसी बीच आरोपी ने आरक्षक पर ठेले में रखा हुआ गर्म तेल का कढ़ाहा उठाकर आरक्षक पर डाल दिया जिससे आरक्षक गंभीर रूप से झुलस गया। इस घटना के बाद आरक्षक किसी तरह भागते हुए थाने पहुंचा जहां से उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। इस घटना के बाद पुलिस ▶▶|शेष पेज 4 पर

*सूरजपुर जिला दोहरे हत्याकांड से दहल उठा है। इस बार अपराधियों ने लोगों की रक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को ही निशाना बनाया है। आरोपी ने पहले एक आरक्षक पर गर्म तेल डाला और फिर कोतवाली के सामने ही एसआई, प्रधान आरक्षक व आरक्षक को कुचलने का प्रयास किया। वहीं आरोपी ने प्रधान आरक्षक के घर में घुसकर उसकी पत्नी और मासूम बच्ची की हत्या कर दी।*



## चाकू से गोदने के बाद रेता गला, पांच किमी दूर नहर के किनारे फेंकी लाश, नगर बंद, भीड़ ने फूंका आरोपी का घर





### एसडीएम पर हमला भागकर बचाई जान

घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग आरोपी के घर के सामने एकत्रित होने लगे थे। ऐसे में एसडीएम जगन्नाथ वर्मा भी मौके पर पहुंचे और भीड़ की वीडियोग्राफी करने लगे। लोग इस कदर आक्रोशित थे कि उन्होंने वीडियो बना रहे लोगों को पकड़ना शुरू कर दिया। भीड़ आरोपी के घर को आग लगाने पर उतारू थी जबकि एसडीएम उन्हें रोकने का प्रयास कर रहे थे। ऐसे में भीड़ ने एसडीएम को ही पकड़ लिया और उन पर हमला कर दिया। ऐसे में एसडीएम ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

### चल रही है आरोपी की तलाश

निगरानी बदमाश कुलदीप साहू ने आरक्षक पर खौलता तेल डाल दिया था। इस मामले के आरोपी की तलाश के लिए कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख लगे हुए थे। आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने का भी प्रयास किया। प्रधान आरक्षक जब रात को घर पहुंचे तो घर का दरवाजा टूटा हुआ था और कमरा खून से लथपथ था। प्रधान आरक्षक की पत्नी और बच्ची घर से गायब थे। सुबह में ग्राम पीढा में लाशों को बरामद किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित किया गया है और पतासाजी की जा रही है।

**- एमआर अहिरे**, एसपी, सूरजपुर

## आदतन अपराधी था एनएसयूआई से जुड़े होने का आरोप

अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक़ संदेही आरोपी कुलदीप साहू आदतन अपराधी है। कुलदीप के खिलाफ आर्म्स एक्ट, चोरी, मारपीट, शासकीय संम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने समेत दो दर्जन अपराध दर्ज हैं। ऐसी चर्चा है कि आरोपी कुलदीप एनएसयूआई से भी जुड़ा हुआ है। कुलदीप का पूरा परिवार खरीद बिक्री का काम करता है। कुलदीप पर पूर्व में नगर पालिका के फिल्टर प्लांट सहित अन्य संपत्ति की चोरी कर बेचने का आरोप भी लग चुका है। ऐसे में नगर पालिका की ओर से भी कुलदीप को जिला बदर की अनुशंसा की गई थी। विधानसभा चुनाव के दौरान 20 अक्टूबर 2023 को तत्कालीन एसपी द्वारा आरोपी को संभाग के छह जिलों से एक साल के लिए जिला बदर किया गया था। ▶▶|शेष पेज 4 पर

**हरिभूमि तत्काल**

### कांग्रेस से जोड़ना सरकार की साजिश

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सूरजपुर की घटना के अपराधी को कांग्रेस से जोड़ना सरकार की साजिश है। इस घटना के अपराधी कुलदीप साहू का कांग्रेस से कोई लेना देना नहीं है। वह कांग्रेस के किसी भी विंग, मोर्चा प्रकोष्ठ का किसी भी स्तर का पदाधिकारी, कार्यकर्ता नहीं है। प्रदेश में बढ़ते हुये अपराधों को रोक पाने में नाकाम सरकार अपराधों से ध्यान हटाने इस प्रकार का षड़यंत्र कर रही है। अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा मिले, यह सुनिश्चित करना पुलिस और सरकार का काम है।

### कांग्रेस घोल रही आतंक का जहर

*भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने एनएसयूआई के पदाधिकारी कुलदीप साहू की संलिप्तता को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। श्री श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपने गुंडा तत्वों के जरिए कानून-व्यवस्था बिगाड़कर अराजकता और आतंक का जहर घोलने में लगी है। यह कांग्रेस के आपराधिक चरित्र का शर्मनाक नमूना है। ऐसे तत्वों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।*

### हिरासत में संदेही, कार जब्त

घटना की जानकारी मिलने के बाद आईजी अंकित गर्ग भी सूरजपुर पहुंचे और एसपी एमआर अहिरे के साथ कोतवाली थाने में बैठकर वस्तु स्थित पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं आईजी एसपी ने घटना स्थल का भी निरीक्षण किया है। आईजी ने शहर में भी निकलकर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ने घटना के बाद कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है जबकि मुख्य आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है। पुलिस ने रात में ही एक कार बरामद किया है जिसे आरोपी छोड़कर फरार हो गया था। कार में खून लगा हुआ है और संभावना है कि इसी कार से आरोपी ने लाशों को ठिकाने लगाया था।




*मुंबई। मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई फिर सुर्खियों मां है। लॉरेंस बिश्नोई गुजरात के साबरमती जेल में बंद है, किंतु उसके गुर्गे एक के बाद एक वारदात को अंजाम देते आ रहे हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी कई प्रकरणों में लॉरेंस बिश्नोई पर शिकंजा कसने का प्रयास कर रही है। सूत्रों के मुताबिक बीते दिनों एनआईए की पूछताछ में लॉरेंस ने अपने 5 टॉप टारगेट का खुलासा किया था। इसमें बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का नाम सबसे ऊपर है।*

## एनआई की पूछताछ में लॉरेंस ने किया था खुलासा

# सलमान के अलावा फेमस कॉमेडियन, गैंगस्टर हैं टॉप टारगेट

### सलमान खान

एनआईए के सामने लॉरेंस बिश्नोई ने स्वीकार किया था कि वह सलमान खान की जान लेना चाहता है। लॉरेंस का कहना था कि काले हिरण के शिकार केस के बाद से वो सलमान खान से नाराज है। लॉरेंस ने एनआईए समेत तमाम एजेंसियों को बताया है कि उसने सलमान पर हमला करने के लिए 2 दफा रेकी करवाने के बाद तीसरी बार घर पर फायरिंग करवाई थी। उसने बताया कि अपने करीबी संपत नेहरा रेकी के लिए भी मुंबई भेजा था। लेकिन हरियाणा एसटीएफ ने संपत को गिरफ्तार कर लिया था। बिश्नोई के अनुसार, वर्ष 1998 में सलमान खान ने एक फिल्म की शूटिंग के मध्य जोधपुर में काले हिरण का शिकार किया था। बिश्नोई समाज काले हिरण की पूजा करता है। वह इसी कारण से सलमान खान को हत्या करना चाहता है। लॉरेंस बिश्नोई ने खुलासा किया था कि उन्होंने ही सलमान खान को धमकी भरा लेटर भेजा था।

### सगुनप्रीत सिंह

लॉरेंस की हिट लिस्ट में पंजाबी गायब सिद्धू मूसावाला का प्रबंधक सगुनप्रीत भी है। सगुन ने लॉरेंस बिश्नोई के निकटतम विक्की मिद्दुखेड़ा के शूटरों को शरण दी थी। मिद्दुखेड़ा का मोहाली में मर्डर किया गया था। छात्र राजनीति के दौर से लॉरेंस गैंग विक्की मिद्दुखेड़ा को अपना भाई मानते थे। उसकी वर्ष 2021 में हत्या कर दी गई थी।

### गैंगस्टर मनदीप धालीवाल

लॉरेंस ने माफिया मनदीप धालीवाल को सूची में तीसरे नंबर पर रखा है। धालीवाल को बंबीहा गैंग के कप्तान लक्की पटियाल का बहुत करीबी माना जाता है। लॉरेंस बिश्नोई ने एनआईए को बताया था कि वह मनदीप को इस कारण से मारना चाहता है, क्योंकि उसने भी विक्की मिद्दुखेड़ा के हत्यारों को पनाह देने में सहायता की थी।

### पूर्व मंत्री के मर्डर के बाद फिर सुर्खियों में है बिश्नोई गैंग



### गैंगस्टर कौशल चौधरी

लॉरेंस बिश्नोई के दुश्मनों की लिस्ट में कौशल चौधरी का भी नाम है, जो गुरुग्राम की जेल में बंद है। गैंगस्टर कौशल चौधरी लॉरेंस बिश्नोई की गैंग का नंबर वन दुश्मन है। इसलिए बिश्नोई किसी भी हाल में मारना चाहता है। लॉरेंस के इकरारनामें के मुताबिक, कौशल चौधरी ने भी केवल विक्की मिद्दुखेड़ा के हत्यारों भोलू शूटर, अनिल लठ और सन्नी लेफ्टी को हथियार उपलब्ध करवाये थे।

### अमित डागर

अमित डागर बंबीहा गिरोह का प्रमुख है। यह गैंग लॉरेंस बिश्नोई का घोर विरोधी है। इसी गैंग ने विक्की की हत्या की योजना तैयार की थी। एनआईए को लॉरेंस ने बताया है कि लक्की पटियाल उसका दुश्मन गैंग है। लक्की के इशारे पर ही उसके करीबी और गोल्डी के भाई गुरलाल बराड़ की हत्या की गई थी। बंबीहा गिरोह ने ही विक्की मिद्दुखेड़ा के शूटर्स और रेकी करने वालों को छुपने में सहायता की थी।

### हिटलिस्ट में कॉमेडियन फारूकी का भी नाम



खबर है कि लॉरेंस की हिटलिस्ट में कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी का नाम भी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ रोज पहले दिल्ली के इवेंट में पहुंचे मुनव्वर के पीछे बिश्नोई गैंग के दो शूटर्स थे। हालांकि, पुलिस को मिली खुफिया जानकारी के बाद उनके इरादे पूरे नहीं हो सके थे। इससे पहले मुनव्वर फारूकी को धमकी भी मिल चुकी है। माना जा रहा है, फारूकी अपने शोज में धर्म से जुड़े कटाक्ष भी करते हैं, बिश्नोई गैंग की

## खबर संक्षेप

### उद्धव ठाकरे अस्पताल में भर्ती आदित्य बोले- ऑल इज वेल



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की तबीयत बिगड़ने के बाद सोमवार को उन्हें मुंबई के रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हार्ट आर्टरीज में ब्लॉकेज की जांच हुई है। कहा जा रहा है कि 12 अक्टूबर को दशहरा रैली के बाद से ही उनकी तबीयत ठीक नहीं है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने एक्स पर जानकारी दी- आज सुबह उद्धव ठाकरे जी ने सर एचएन रिलायंस अस्पताल में प्री-प्लांड चेकअप कराया।

### चिराग पासवान को जेड कैटेगरी की सिक्योरिटी



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने केंद्रीय केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ा दी है। चिराग को जेड कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान की गई है। पहले उन्हें एसएसबी के कमांडो सुरक्षा दे रहे थे अब उन्हें सीआरपीएफ सुरक्षा देगी। भारत सरकार की ओर से देश के कुछ लोगों को सिक्योरिटी दी जाती है।

### दिल्ली में दिवाली पर आतिशबाजी पर लगा बैन



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार पटाखों पर पूरी तरह बैन लगा दिया है। इसको लेकर दिल्ली सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। दिल्ली सरकार ने राजधानी में 1 जनवरी तक पटाखों के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगा दी। दिल्ली सरकार द्वारा पटाखों के बैन को लेकर आज सोमवार को अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

# अस्पताल, शोरूम में आगजनी-तोड़फोड़, दुकानों और घरों को जलाया, इंटरनेट बंद, पुलिस तैनात

### बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान बवाल ने हिंसक रूप लिया

एजेंसी ▶▶ बहराइच

उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान बवाल ने बड़ा रूप ले लिया है। सोमवार सुबह एक बार फिर से बहराइच में आगजनी और तोड़फोड़ की गई। कई दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की गई। बाइक के शोरूम और एक अस्पताल में आग लगा दी गई है।

वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया है। दवाइयों को जला दिया गया है। चंदपैया और कबड़ियापुरवा गांव में भी आगजनी हुई है। कई घर जलाए गए हैं। सीएम योगी के निर्देश पर एसीएस होम एवं एडीजी लॉ एंड ऑर्डर मौके पर पहुंचे हैं। 6 कंपनी पीएसी बहराइच भेजी गई हैं। भीड़ हाथ में डंडे और लाठी लेकर सड़क पर उतरी। सीएम योगी ने दंगाइयों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। अफवाह फैलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए कहा है।



सड़कों पर हंगामा



**समझाइश के बाद किया अंतिम संस्कार**

*परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। हालांकि पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझाया है। लेकिन अभी तक बात नहीं बनी है। परिजन कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। हालांकि बाद में अंतिम संस्कार कर दिया गया।*

4 एसपी रैंक के अफसर, 6 कंपनी पहुंचीं पीएएसी

### मुख्य आरोपी सलमान सहित 25 गिरफ्तार

इस बीच देर रात मुख्य आरोपी सलमान समेत कई लोगों पर एफआईआर किया किया। यहां 20 से 25 लोगों के हिरासत में लेने की खबरें हैं। उधर दूसरी ओर पूजा कमेटी देर रात तक इस बात पर अड़ी रहीं कि आरोपियों की गिरफ्तारी हो। आरोपियों को फांसी देने के नारे देर रात सड़कों पर गूंजते रहे।

#### शोरूम में लगाई आग

रविवार को हुई घटना के बाद सोमवार को भी हंगामा जारी रहा। घटना से प्रभावित महराजगंज के टीवीएस और हीरो एजेंसी में आग लगा दी गई है। प्रशासन ने भी यह माना है कि कुछ जगहों पर आगजनी हुई है लेकिन किसी प्रकारकी जनहानि नहीं हुई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में अभी भी तनाव व्याप्त है। महराजगंज और महसी इलाके के निजी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई।

#### 12 से अधिक लोग घायल

मामले में सुधाकर तिवारी (45), सत्यवान (40), अखिलेश वाजपेयी (55) विनोद मिश्रा (60), लाल विश्वकर्मा (55) समेत 12 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकांश लोग निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं।

### सीतापुर में भी अलर्ट

#### मुख्य मार्ग सील, बॉर्डर पर चेकिंग

बहराइच जिले में हिंसा के बाद सीतापुर में भी अलर्ट कर दिया गया। बहराइच सीतापुर मार्ग को बसील कर दिया गया है। इसके साथ ही बॉर्डर पर सघन चेकिंग की जा रही है जनपद की सीमा पर वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। इस दौरान भारी वाहनों को भेजने की मनाही कर दी गई है। रेउसा थाना क्षेत्र से आगे गाड़ियों को अब नहीं जाने दिया जा रहा है।मौके पर एसपी उत्तरी प्रकाश कुमार, एएसपी दक्षिणी परवीन रंजन सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद हैं। इतना ही नही भारी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात कर दिया गया। सीओ बिसवां सतीश चन्द्र शुक्ला व सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

## बाबा का बेटा भी था निशाने पर, सलमान के पनवेल फॉर्महाउस की सुरक्षा बढ़ाई गई

**बाबा सिद्दीकी मर्डर केस : शूटर्स ने हत्या से पहले आंसू गैस जैसे किसी पदार्थ का भी किया था इस्तेमाल**



एजेंसी ▶▶ मुंबई/ पटना

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में अब तक 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। इस बीच अब मुंबई पुलिस ने इस केस को लेकर बड़ी खुलासा किया है। पुलिस ने बताया है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या से पहले उनके बेटे जीशान सिद्दीकी को धमकी मिली थी। हत्या के आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि जीशान सिद्दीकी और बाबा सिद्दीकी दोनों ही उनके निशाने पर थे। आरोपियों को आदेश दिया गया था कि दोनों में से जो भी मिले उस पर गोली चला दें। उधर, अभिनेता सलमान खान के पनवेल के फॉर्महाउस की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। वहीं, उनके बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में भी सुरक्षा घेरा कड़ा किया गया है। दरअसल, बाबा सिद्दीकी उस दिन अपने बेटे जीशान के कार्यालय में गए थे, जो उनकी नियमित दिनचर्या का हिस्सा नहीं था। वे गरबा आयोजन में भाग लेने के बाद अपने बेटे के दफ्तर गए थे जब बाबा सिद्दीकी अपनी कार की ओर बढ़ रहे थे तभी उन्हें शूट किया गया।

#### बाबा का कोई व्यक्ति ही उनकी लोकेशन दे रहा था

घटना के दिन जीशान अपने पिता के आने से कुछ मिनट पहले ही ऑफिस से निकल गया था। पुलिस को संदेह है कि कुछ अंदरूनी लोगों ने सिद्दीकी की जानकारी हमलावरों को दी थी, जिससे वे खेरवाडी जंक्शन पर समय पर पहुंच गए। बाबा सिद्दीकी और उनके बेटे जीशान से जुड़े स्थानों की रेकी करने के लिए हमलावर रोज बांद्रा आते थे, ज्यादातर ऑटो रिक्शा का उपयोग करके। घटना के दिन, बाबा सिद्दीकी और उनके बेटे दोनों एक ही स्थान पर थे, और आरोपियों को किसी तरह से इसकी जानकारी मिल गई। सूत्रों का यह भी कहना है कि कोई अंदरूनी व्यक्ति बाबा सिद्दीकी और जीशान के बारे में जानकारी दे रहा था।

# 'सीधे सुप्रीम कोर्ट सुनवाई नहीं करेगा पहले इसे हाईकोर्ट में सुना जाना चाहिए'

**जम्मू-कश्मीर में 5 विधायकों को मनोनीत करने के खिलाफ याचिका पर बेंच ने कहा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में उपराज्यपाल की ओर से 5 विधायक मनोनीत करने के खिलाफ याचिका सोमवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंची। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने से मना कर दिया। सुप्रीम कोर्ट की ओर से याचिकाकर्ता को कहा गया है कि पहले हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए याचिका दायर करें। याचिकाकर्ता रविंदर कुमार शर्मा



की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सीधे सुप्रीम कोर्ट सुनवाई नहीं करेगा। पहले इसे हाईकोर्ट में सुना जाना चाहिए।

#### 'अगर हाईकोर्ट स्टे न दे तो फिर यहां आइए'

वकील अभिषेक सिंघवी ने दलील देते हुए कहा कि केंद्र सरकार के नामांकन का मतलब है कि जो व्यक्ति चुनाव जीता है उसे नकारा जा सकता है। इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा कि इसे हाई कोर्ट के सामने जाने दें। अगर हाई कोर्ट आपको स्टे नहीं देता है तो आप यहां आ सकते हैं। उपराज्यपाल की ओर से जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 5 मनोनीत विधायकों के चुने जाने का मुद्दा अभी तक गरमाया हुआ है। कुछ दिनों पहले ही जम्मू कश्मीर विधानसभा में पांच मनोनीत विधायकों को लेकर बीजेपी ने दावा किया था कि मनोनित विधायक चुने गए विधायकों के साथ ही शपथ ले सकते हैं।

# इजरायली मिलिट्री बेस पर हमला, 4 सैनिकों की मौत

**तेल अवीव।** लेबनान के चरमपंथी संगठन हिज्बुल्लाह ने इजरायल पर जबरदस्त हमला किया है। ईरान समर्थित हिज्बुल्लाह ने इजरायल पर सुसाइड ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं, जिनमें इजरायली सेना आईडीएफ के चार सैनिकों की मौत हो गई है जबकि कई गंभीर रूप से घायल हैं। हिज्बुल्लाह ने बिन्यामिना में मिलिट्री बेस को निशाना बनाकर हमला किया। इजरायल पर हिज्बुल्लाह के इस हमले को अब तक का सबसे घातक हमला माना जा रहा है। इस हमले में इजरायल में अब तक 67 लोग घायल हुए हैं जिनमें कई की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। हिज्बुल्लाह ने इजरायल के हाइफा शहर को निशाना बनाकर लगभग 25 रॉकेट और मिसाइलें दागीं। इजरायल के चैनल 12 के मुताबिक, हमले से पहले किसी तरह का वॉर्निंग सायरन नहीं दिया गया।

■ हिज्बुल्लाह का अब तक का सबसे घातक वार



#### इधर, गाजा में इजराइली हमला स्कूली बच्चों समेत 20 की मौत

दीर अल बला (गाजा पट्टी)। मध्य गाजा में एक स्कूल में इजराइल के हवाई हमले में बच्चों समेत 20 लोग मारे गए हैं। नुसरत में रविवार रात हुए इस हमले में दो महिलाएं भी मारी गईं। गाजा में साल भर से जारी युद्ध के बीच कई लोगों को विभिन्न स्थानों पर शरण लेनी पड़ी हैं। इस स्कूल में कुछ फलस्तीनियों ने शरण ली हुई थी। शवों को नुसरत के अल-अवदा अस्पताल और दीर अल बला के अल-अक्सा शहीद अस्पताल ले जाया गया। इजराइल की बमबारी और जमीनी आक्रमण में गाजा में अब तक 42 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769

**ट्रंप के मर्डर की एक और साजिश फेल!**

# रैली के बाहर से गन और फर्जी पास के साथ संदिग्ध गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रैली के बाहर से पुलिस ने एक शख्स को बंदूक और फर्जी पास के साथ गिरफ्तार किया है। रिवरसाइड काउंड के शैरिफ ऑफिस के मुताबिक, रैली शुरू होने से कुछ मिनटों पहले कोचेला में एवेन्यू 52 और सेलिब्रेशन चौराहे के पास चेकपॉइंट से एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। संदेह है कि ये ट्रंप की हत्या की तीसरी कोशिश हो सकती थी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति का नाम वेम मिलर है, जिसे रैली के एंट्री गेट से आधा मील दूर एक चेकपॉइंट से गिरफ्तार किया है। रिवरसाइड काउंटी के शेरिफ चाड बियान्को ने बताया कि उसके पास फर्जी प्रेस और वीआईपी पास थे, जिससे उस पर शक हुआ।

#### ट्रंप पर हो चुके हैं कई हमले

13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया में एक रैली के दौरान ट्रंप पर जानलेवा हमला किया गया था। उस समय ट्रंप पर गोली चलाई गई थी, जो उनके कान को छूकर गुजर गई थी। इसके अलावा, छह जुलाई को अमेरिका के मिलवॉकी शहर में उनकी रिपब्लिकन पार्टी के कन्वेंशन के बाहर पुलिस ने 21 साल के एक युवक को एके-47 के साथ गिरफ्तार किया था। 16 सितंबर को भी ट्रंप को निशाना बनाया गया था। ट्रंप पर ये हमला तब हुआ था, जब वो फ्लोरिडा के गोल्फ कोर्स एरिया में गोल्फ खेल रहे थे। इस मामले में पुलिस ने रायन वेस्ली राउथ नाम के हमलावर को गिरफ्तार किया था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 — Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com — त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी | वर्ष : 23, अंक : 90 | पृष्ठ : 12+8+8 = 28 मूल्य : 5.00** haribhoomi.com


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






» रायपुर के पार्सल दफ्तर में महीने में लगभग 20 हजार से अधिक पार्सल पहुंचता है

» रायपुर से भी अंबिकापुर बिलासपुर समेत अन्य राज्यों में लगभग 15 से 20 हजार भेजा जाता है पार्सल

# जांच न उधर और न इधर... हो जाइये सावधान त्योहार के साथ पार्सल से आ रहा नकली मावा!

हरिभूमि सरोकार

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

त्योहारी सीजन का आगाज हो चुका है, ऐसे में मुंह मीठा कराने की परंपरा इस बार भी खतरनाक हो सकती है क्योंकि रेलवे पार्सल की जांच का सिस्टम न इधर है और न उधर। बंद बोरी में नकली मावा आने का अंदेशा बना हुआ है। ग्वालियर समेत मप्र के कुछ शहरों में नकली मावा, दूध, पनीर समेत घी बनाने का कारोबार फूटता रहा है। छग में कई शहरों के अलावा मप्र के इन शहरों से भी मावा आता है, इसलिए अंदेशा गहरा गया है। रेलवे अफसरों का कहना है, अब सिस्टम बनाया जाएगा। इसकी ▶▶|शेष पेज 4 पर

## सिस्टम की कमजोरी से गांजा भी

आमतौर पर ओडिशा से रायपुर रेल मार्ग पर ज्यादातर लोग मछलियों का कारोबार करते हुए ओडिशा से रायपुर माल ले जाते हैं। बोरे में बंद मछलियों की गंध पूरे बोगी में रहती है। आमतौर पर जवान इन बोरियों की सही तरह से जांच नहीं करते। जानकारी के अनुसार ओडिशा की ओर से ही रायपुर के लिए बड़े पैमाने ▶▶|शेष पेज 4 पर

## रेलवे में मैनपावर की कमी

ट्रेनों से पहुंच रहे सामान की जांच करने रेलवे में मैनपावर की कमी है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि जिस तरह जांच बुकिंग की तरह होती है वैसी ही ट्रेनों से सामान उतारने के बाद भी होनी चाहिए। इसके लिए रायपुर मंडल सिस्टम तैयार रहा है। अधिकारियों का कहना है कि हजारों की संख्या में सामान रोजाना पहुंच रहा है। सभी सामान की जांच करने के लिए मैनपावर की भी आवश्यकता होगी। रेलवे चाहता है कि लोगों को समय पर उनका सामान मिल जाए। वर्तमान में रेलवे बुकिंग के दौरान सामान जांच करने के लिए लोगों से पैसा वसूल रहा है, जबकि जांच की जिम्मेदारी रेलवे की है।

## सिस्टम तैयार कर रहे हैं

वर्तमान में ट्रेनों के जरिए जो सामान रायपुर पहुंच रहा है, उसकी जांच करने हमारे पास मशीन नहीं है। इसके लिए मैन पावर बढ़ाने की आवश्यकता है। बुकिंग के दौरान सामान की जांच होती है। अब सिस्टम तैयार किया जा रहा है कि जिससे ट्रेनों से जो सामान पहुंच रहा है उसकी यहां जांच हो सके।

- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

## विदेश मंत्रालय ने कनाडा के कार्यकारी राजदूत को तलब कर जताया कड़ा विरोध

# कनाडा के खिलाफ भारत का सख्त एक्शन, 6 राजनयिक निष्कासित

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले को लेकर सोमवार को भारत ने बड़ा एक्शन लिया है। कनाडा से अपने वरिष्ठ उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा, अन्य राजनयिकों व उन अन्य तमाम लोगों की स्वदेश वापसी का निर्णय लिया है। इधर, विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में कनाडा के कार्यकारी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध जताया। भारत ने कनाडा के 6 राजनयिकों को निष्कासित कर दिया, उन्हें 19 अक्टूबर तक देश छोड़ना होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने भारतीय राजनयिकों पर बीते रविवार को भारत को भेजे गए एक ताजा कूटनीतिक संचार में आतंकी निज्जर की हत्या से जुड़ी एक जांच में शामिल होने (पर्सन्स ऑफ इंटरेस्ट) का आरोप लगाया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 14 अक्टूबर की शाम को मंत्रालय में सचिव (पूर्व) ने नई दिल्ली में कनाडा के कार्यकारी राजदूत (चार्ज डी अफेयर्स) को तलब कर इस मामले पर कड़ा विरोध जताते हुए भारत सरकार के उस निर्णय से अवगत कराया है। जिसमें उसने कनाडा से अपने उच्चायुक्त व निशाना बनाए जा रहे बाकी राजनयिकों और अन्य लोगों की स्वदेश वापसी का फैसला किया है। मंत्रालय के मुताबिक, सचिव (पूर्व) ने कनाडा के कार्यकारी राजनयिक ▶▶|शेष पेज 4 पर

**भारत के निर्णय की दी जानकारी, 19 तक छोड़ना होगा देश**



## संजय वर्मा को बताया वरिष्ठ-अनुभवी राजनयिक

मंत्रालय ने बताया कि कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा भारत के एक वरिष्ठ और अनुभवी राजनयिक हैं। वह जापान, सूडान से लेकर इटली, तुर्की, वियतनाम और चीन में बतौर राजनयिक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने दो टूक अंदाज में कनाडा को स्पष्ट किया कि यह राजनयिक प्रतिनिधित्व के संबंध में पारस्परिकता के सिद्धांत को लागू करता है। भारत अब इस मामले में आगे कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

## ट्रूडो सरकार का राजनीतिक एजेंडा

उधर, एक अन्य बयान में मंत्रालय ने कनाडा के इन आरोपों को निराधार बताते हुए भारत सरकार द्वारा इन्हें सिरे से खारिज करने की बात कही। साथ ही कहा, इसे वह ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा मानती है जो वोट बैंक की राजनीति पर आधारित है। यह उनकी सरकार द्वारा संकीर्ण लाभ लेने की सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। मंत्रालय ने साफ किया कि कनाडा सरकार ने सितंबर 2023 से मामले पर अपने आरोपों को लेकर कोई साक्ष्य नहीं दिया है।

## भारत की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप

मंत्रालय ने प्रधानमंत्री ट्रूडो की विवादास्पद नई दिल्ली और पंजाब की यात्रा को याद करते हुए कनाडाई पीएम और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों वोट बैंक को लेकर भारत के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। ट्रूडो के मंत्रिमंडल में ऐसे लोग शामिल हैं जो भारत को लेकर अलगाववादी और कट्टरपंथी एजेंडे से खुले तौर पर जुड़े हुए हैं। 2020 के अंतिम माह (दिसंबर) में भारत की आंतरिक राजनीति में उनके खुले हस्तक्षेप से ये पता चलता है कि वह इस संबंध में कितना आगे जाना चाहते हैं। उनकी सरकार एक राजनीतिक पार्टी पर निर्भर थी।

## आयोग के समक्ष गवाही से माथे पर बल

ज्ञात हो कि बीते दिनों लाओस में भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में भी जस्टिन ट्रूडो की तरफ से इस मामले को प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष उठाए जाने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद संभवतः ये दूसरा ऐसा मौका है, जब कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी की हत्या के मामले में भारत पर आरोप लगाए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये कोई संयोग नहीं है।

## *भारत से ये राजनयिक निष्कासित*

*भारत ने कनाडा के जिन राजनयिकों को निष्कासित किया है। इसमें एक्टिंग उच्चायुक्त स्टीवर्ट रॉस व्हीलर, डिप्टी उच्चायुक्त पैट्रिक हेबर्ट, फर्स्ट सेक्रेटरी मैरी कैथरीन जोली, फर्स्ट सेक्रेटरी लैन रॉस डेविड ट्राइट्स, फर्स्ट सेक्रेटरी एडम जेम्स, फर्स्ट सेक्रेटरी पाउल ओरजुएला का नाम शामिल हैं।*

# एक प्रदेश, एक चुनाव, नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव होंगे एक साथ

**कमेटी की अनुशंसा**



- बुधवार को साय कैबिनेट की बैठक में हो सकता है फैसला

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव एक साथ हो सकते हैं। दरअसल, दोनों चुनाव एक साथ करवाने के सिलसिले में आम जनता से सुझाव लेने के लिए सरकार ने नई एसीएस ऋचा शर्मा की अध्यतक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को दे दी है। अब सरकार को कमेटी की रिपोर्ट पर फैसला करना है। इधर बुधवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक ▶▶|शेष पेज 4 पर

## विधानसभा में पेश हुआ था प्रस्ताव

छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत और अगले साल के शुरु तक नगरीय निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव होने हैं। लेकिन इससे काफी पहले राज्य विधानसभा में यह प्रस्ताव रखा गया था कि दोनों चुनाव एक साथ कराएं जाने चाहिए। इसके बाद राज्य सरकार ने इस मुद्दे पर आम राय जुटाने के लिए एसीएस की अध्यक्षता में कमेटी बनाने का निर्णय लिया था। माना जा रहा है कि राज्य सरकार की मंशा है कि दोनों चुनाव एक साथ कराए जाएं। लेकिन जब से ये मामला सामने आया है ▶▶|शेष पेज 4 पर

## इससे धन और पैसे की होगी बचत

जानकार सूत्रों के अनुसार आईएएस ऋचा शर्मा की अध्यक्षता वाली कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में पंचायत और निकाय चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की गई है। कमेटी ने इसमें कहा कि एक साथ चुनाव कराने से धन और पैसे दोनों की बचत होगी। इसी के साथ ही विकास कार्यों में भी तेजी आएगी। वर्तमान में प्रदेश में दोनों चुनाव अलग-अलग कराए जाते रहे ▶▶|शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### दूरसंचार सम्मेलन का आज उद्घाटन करेंगे पीएम




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अंतराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। आईटीयू के इतिहास में यह पहली बार होगा कि यह प्रतिष्ठित वैश्विक तकनीकी कार्यक्रम भारत और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में हो रहा है। प्रधानमंत्री 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में दोनों कार्यक्रमों का उद्घाटन करेंगे।

### विमानों को बम से उड़ाने की धमकी, न्यूयार्क की उड़ान दिल्ली डायवर्ट




**मुंबई।** मुंबई से उड़ान भरने वाली वाली तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में सोमवार को बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मच गई, जबकि न्यूयॉर्क जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली में उतार दिया गया।

### मोबाइल फोन के लिए डांटा तो खुदकुशी कर ली



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 15 वर्षीय लड़की ने मोबाइल फोन पर ज्यादा समय बिताने के लिए अपनी मां द्वारा डांटे जाने के बाद कथित तौर पर जहर खा लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अंबरनाथ इलाके में रहने वाली किशोरी ने 26 सितंबर को चूहे मारने वाली दवा खा ली थी।

### दुबई से 816 ग्राम सोने की तस्करी, दो लोग गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 24 कैरेट के 816 ग्राम सोने की तस्करी करने की कोशिश के आरोप में दो यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। दुबई से आए यात्रियों को दो कंगन के रूप में सोने की तस्करी करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

### छात्र का शव हॉस्टल में फंदे से लटका मिला



**बाराबंकी।** जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के सफेदाबाद कस्बे में स्थित प्राइवेट हिंद मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के एक छात्र का शव छात्रावास में उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। शुरुआती जांच में पता लगा कि उपस्थिति कम होने के चलते छात्र विकास प्रसाद यादव को आशंका थी कि वह फेल हो जाएगा।

# धान खरीदी 15 से, नए पंजीयन 31 तक, पुराने का डाटा होगा कैरी फारवर्ड

- इस सीजन में 160 लाख मीट्रिक टन खरीदी का है लक्ष्य
- साय कैबिनेट की बैठक में धान-किसान पर होंगे फैसले



खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होगी। हालांकि इसका फैसला राज्य सरकार के मंत्रिपरिषद की बुधवार को होने वाली बैठक में किया जाएगा। इससे पहले मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक के बाद सरकार को अनुशंसा कर दी गई है। इधर राज्यभर की सोसाइटियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए नए किसानों का पंजीयन ▶▶|शेष पेज 4 पर

## *अधिया, रेगहा वालों के लिए ये व्यवस्था*

*हिस्सेदार, बटाईदार तथा अधिया रेगहा के तहत फसल उगाने वाले कृषकों के लिए खेत का मालिकाना हक रखने वाले कृषक स्वंय पंजीयन करा सकेगा अथवा संबंधित कृषक का नॉमिनी के तौर पर पंजीयन करा सकेगा। प्रत्येक खरीदी केन्द्रों में बायोमेट्रिक व्यवस्था के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन हेतु एक स्थायी खरीदी केन्द्र प्रभारी नामांकित किया जाएगा। खरीदी केंद्र प्रभारी का भी आधार नंबर एकत्रित किया जाएगा।*

## किसान पोर्टल में होगा पंजीयन

कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने की दृष्टि से कृषक पंजीयन की प्रकिया के सरलीकरण के लिए एकीकृत किसान पोर्टल विकसित किया गया है। एकीकृत किसान पोर्टल के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल और रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक सहकारी समिति के माध्यम से पंजीयन की जाएगी। इस सीजन में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है।

## किसान खुद या नॉमिनी से बिकवा सकते हैं धान

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में आधार आधारित प्रमाणीकरण प्रणाली के लिए किसान द्वारा धान विक्रय के समय धान खरीदी केन्द्र में स्वंय उपस्थित होकर या उनके द्वारा नामांकित नामिनी के द्वारा उपस्थित होकर बायोमेट्रिक आधारित खरीद प्रणाली के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया जा सकता है। इसके लिए किसान पंजीयन हेतु एकीकृत कृषक पंजीयन पोर्टल पर किसान का पंजीयन निर्धारित अवधि के दौरान किसान का एवं ▶▶|शेष पेज 4 पर

## करमा महोत्सव में मुख्यमंत्री



- सीएम साय बोले- पुरखों के दिखाए राह का अनुसरण हमारी जिम्मेदारी
- लैलूंगा में सामाजिक भवन, स्टेडियम जीर्णोद्धार एवं बास्केबाल कोर्ट निर्माण के लिए एक करोड़ 9 लाख
- खम्हार पाकुट बांध से लैलूंगा में जलापूर्ति के बंद प्रोजेक्ट काम फिर से शुरू होगा

*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लैलूंगा में उरांव समाज द्वारा आयोजित करमा महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने मांदर भी बजाया। महोत्सव में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से मौजूद थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने लैलूंगा को कई सौगातें भी दीं।*

# वक्फ बोर्ड में तख्तापलट डा. सलीम नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड की बैठक में बोर्ड के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से डॉ. सलीम राज को राज्य वक्फ बोर्ड का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष गुलाम मिन्हाजुद्दीन के ख़िलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। कांग्रेस सरकार के समय नियुक्त हुए वक्फ बोर्ड के सदस्य इमरान मेमन, फिरोज खान, फैसल रिजवी कांग्रेस के समय सदस्य बने थे। भाजपा सरकार बनने के बाद डॉ. सलीम राज सदस्य बने। सभी ने शासन ▶▶|शेष पेज 4 पर



- कांग्रेस के समय बने सदस्यों ने सत्ताधारी दल का दिया साथ

## *पहली बार आया अविश्वास प्रस्ताव*

*छत्तीसगढ़ में वक्फ बोर्ड में ये पहली बार होगा, जिसमें ऐसा प्रस्ताव आया है। अविश्वास प्रस्ताव क्यों लाया गया है, कारण भी नहीं बताया गया, जबकि पूर्ववर्ती मामलों में कई भ्रष्टाचार के मामले होने के बाद भी कभी अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया गया।*

## राष्ट्रों के बीच समृद्धि में अंतर पर शोध के लिए तीन वैज्ञानिक पुरस्कृत

# क्यों होते हैं अमीर-गरीब देश, समझाने पर मिला नोबेल

एजेंसी ▶▶| स्टॉकहोम

राष्ट्रों के बीच समृद्धि में अंतर पर शोध के लिए डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए रॉबिन्सन को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। रॉयल स्वीडिश अकेडमी ऑफ साइंसेज की नोबेल समिति ने कहा कि तीनों अर्थशास्त्रियों ने किसी देश की समृद्धि के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित किया है। तीन अर्थशास्त्रियों ने पता लगाया है कि आखिर क्यों कुछ देश बहुत अमीर हो गए और कुछ देश बहुत पिछड़े और गरीब ▶▶|शेष पेज 4 पर

## संस्थानों और समृद्धि के बीच संबंध

इस रिसर्च का प्रमुख बिंदु यह है कि विभिन्न देशों की समृद्धि में सबसे बड़ा अंतर उनके संस्थानों (इंस्टिट्यूशन्स) के कारण है। खासकर, यूरोपीय उपनिवेशवाद के दौरान बनाए गए संस्थागत ढांचे ने आज के समय में देशों के बीच आर्थिक असमानता को गहराई से प्रभावित किया है। उपनिवेशवादियों ने जिन क्षेत्रों में घनी आबादी पाई, वहां उन्होंने स्थानीय संसाधनों का शोषण करने वाले 'एक्स्ट्रैक्टिव' संस्थान स्थापित किए।



## डारोन एसमोग्लू

कामेर डारोन ऐसमोग्लू अर्मेनियाई मूल के एक तुर्की-अमेरिकी अर्थशास्त्री हैं। वे 1993 से मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पढ़ा रहे हैं।



## साइमन जॉनसन

साइमन एच. जॉनसन एक ब्रिटिश अमेरिकी अर्थशास्त्री हैं। वे एमआईटी स्लोअन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में उद्यमिता के रोनाल्ड ए. कट्र्ज प्रोफेसर हैं।



## जेम्स ए रॉबिन्सन

जेम्स एलन रॉबिन्सन ब्रिटिश अर्थशास्त्री और राजनीतिक वैज्ञानिक हैं। और शिकागो विवि के हैरिस स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी में यूनिवर्सिटी प्रोफेसर हैं।

## अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में सम्मान

अर्थशास्त्र पुरस्कार को पहले बैंक ऑफ स्वीडन पुरस्कार के रूप में जाना जाता था। आर्थिक विज्ञान का यह पुरस्कार अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति दिया जाता है। बैंक ऑफ स्वीडन ने 1968 में नोबेल की स्मृति में इसकी शुरुआत की थी। नोबेल 19वीं सदी के व्यवसायी और रसायनज्ञ थे, जिन्होंने डायनामाइट का आविष्कार किया था और पांच नोबेल पुरस्कारों की स्थापना की थी। हालांकि, कुछ लोग इस बात पर जोर देते हैं कि अर्थशास्त्र का पुरस्कार तकनीकी रूप से नोबेल पुरस्कार नहीं है।

## चिंतन

# खाद्य महंगाई से लोग बेहाल, इसे रोके सरकार

नवरात्र- दशहरा बीता है, आगे दिवाली, छठ जैसे बड़े त्योहार हैं, इससे पहले महंगाई चरम की ओर है। खासकर सब्जियों व फलों के दाम आसमान पर हैं। सब्जियों की महंगाई दर 11 फीसदी से बढ़कर 36 फीसदी हो गई है। खाद्य महंगाई के लगातार उच्च रहने के चलते आम लोगों की हालत पहले से ही पतली है, त्योहार के समय अगर उसमें तड़का लग जाय तो पर्व का जायका और बिगड़ जाता है। सितंबर में खुदरा महंगाई दर में तगड़ा इजाफा हुआ है। खाने-पीने के चीजों की कीमतें लगातार बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 5.49 फीसदी पर पहुंच गई। यह 9 महीने के उच्चतम स्तर पर है। इससे पिछले महीने अगस्त में यह 3.65 प्रतिशत पर थी। खुदरा मुद्रास्फीति बीते वर्ष के सितंबर माह में 5.02 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई दर पिछले महीने दर्ज किए गए 5 साल के निचले स्तर 3.65 फीसदी से कहीं अधिक है। जुलाई के बाद पहली बार खुदरा महंगाई दर आरबीआई की ओर से तय किए गए लक्ष्य 4 प्रतिशत को पार कर गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) बास्केट में आधी हिस्सेदारी रखने वाले खाद्य पदार्थों की महंगाई दर सितंबर में 9.24 फीसदी पर पहुंच गई। अगस्त में खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई दर 5.66 प्रतिशत थी। अगस्त 2023 में सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर 6.83 प्रतिशत थी। इससे पहले थोक महंगाई के आंकड़े भी जारी हुए। सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों के ही महंगे होने से थोक मूल्य मुद्रास्फीति भी सितंबर में बढ़कर 1.84 फीसदी हो गई। अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 1.31 फीसदी थी। पिछले साल सितंबर में यह 0.07 फीसदी घटी थी। थोक खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 11.53 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त में यह 3.11 फीसदी थी। इस तरह थोक और खुदरा दोनों महंगाई दर में वृद्धि के पीछे खाने-पीने की ही महंगाई जिम्मेदार है। सरकार खाद्य महंगाई रोकने में विफल रही है। अक्सर त्योहारी सीजन में खाने-पीने की चीजें महंगी हो जाती हैं। इसके पीछे कालाबाजारी, जमाखोरी अधिक जिम्मेदार हैं। लहसुन, अदरख, टमाटर, प्याज जैसी चीजें वर्ष भर महंगे बिक रहे हैं, जबकि इनकी उपलब्धता में कभी कमी नहीं आई। यह एक पैटर्न है देश में, पर राज्य सरकारें आंखें मूंदी रहती हैं। सरकार कभी यह देखने की जहमत ही नहीं उठाती कि स्थानीय बाजार में खाने-पीने की चीजें महंगी क्यों बिक रही हैं? जबकि उत्पादक किसानों को इतना मूल्य नहीं मिलता। लागत और लाभ का मैकेनिज्म सरकारी स्तर पर तय नहीं होने से मूल्यों पर नियंत्रण करना कठिन होता गया है। खाद्य बाजार पर बिचौलियों व थोक विक्रेताओं की मनमानियों का कब्जा बना रहता है। सरकार ने रिजर्व बैंक को महंगाई थामने का जिम्मा देकर अपने दायित्वों से जैसे इतिश्री कर ली है। यह साफ हो चुका है कि भारत में महंगाई के पीछे सरकार का नीतिगत मसला अधिक है, मौद्रिक कम है। केवल मौद्रिक नीति से महंगाई नियंत्रण संभव नहीं है। यह उपाय सहायक हो सकता है, पर खाद्य महंगाई पर पूर्ण लगाम सरकार ही नीतिगत बदलाव और प्रशासनिक सजगता से लगा सकती है। उच्च महंगाई का असर अंततः समूची अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। रिजर्व बैंक ने महंगाई पर नियंत्रण के मकसद से ही पिछले सप्ताह पेश मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया था। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि महंगाई कम हो रही है, कमेटी ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने महंगाई अनुमान को 4.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा था। फिर भी खाद्य महंगाई रुक नहीं रही है। इसे रोकने के लिए सरकार को त्वरित कदम उठाना चाहिए।



**विश्लेषण**
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# शोध-नवाचार से विकास को गति

> राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अध्ययन रिपोर्ट और विचार मंथनों में भारत में शोध और नवाचार की अहमियत प्रस्तुत की जा रही है। यह कहा जा रहा है कि भारत में स्वास्थ्य, उद्योग, कारोबार, कृषि, संचार, रक्षा, शिक्षा और अंतरिक्ष आदि क्षेत्रों में विकास के परिप्रेक्ष्य में शोध और नवाचार की प्रमुख भूमिका है तथा भारत को विकसित बनाने में भी शोध और नवाचार में और तेजी से आगे बढ़ना होगा। हाल ही में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2024 की रैंकिंग में 133 अर्थव्यवस्थाओं में भारत ने 39वां स्थान हासिल किया है।

इन दिनों प्रकाशित हो रही भारत के विकास से संबंधित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अध्ययन रिपोर्ट और विचार मंथनों में भारत में शोध और नवाचार की अहमियत प्रस्तुत की जा रही है। यह कहा जा रहा है कि भारत में स्वास्थ्य, उद्योग, कारोबार, कृषि, संचार, रक्षा, शिक्षा और अंतरिक्ष आदि क्षेत्रों में विकास के परिप्रेक्ष्य में शोध और नवाचार की प्रमुख भूमिका है तथा भारत को विकसित बनाने में भी शोध और नवाचार में और तेजी से आगे बढ़ना होगा। हाल ही में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2024 की रैंकिंग में 133 अर्थव्यवस्थाओं में भारत ने 39वां स्थान हासिल किया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जो भारत जीआईआई रैंकिंग में 2015 में 81वें स्थान पर था, अब वह 39वें स्थान पर पहुंच गया है। जीआईआई रैंकिंग में भारत की प्रगति दुनियाभर में रेखांकित हो रही है। इस ऊंची रैंकिंग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वाइब्रेंट इनोवेटिव इकोसिस्टम की उपलब्धि बताया है। गौरतलब है कि जीआईआई 2024 के तहत भारत निम्न-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है भारत मध्य और दक्षिणी एशिया क्षेत्र की 10 अर्थव्यवस्थाओं में भी पहले स्थान पर है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एसएंडटी) क्लस्टर रैंकिंग में चौथे स्थान पर है।

भारत के प्रमुख शहर मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई दुनिया के शीर्ष 100 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों में सूचीबद्ध हैं और भारत अमूर्त संपत्ति तीव्रता में वैश्विक स्तर पर सातवें स्थान पर है। जीआईआई 2024 के अनुसार, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, अमेरिका, सिंगापुर और यूके दुनिया की सबसे अधिक नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जबकि चीन, तुर्की, भारत, वियतनाम और फिलीपींस पिछले एक दशक में सबसे तेजी से ऊपर आने वाले देश हैं। यदि हम बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े अन्य वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों को भी देखें तो पाते हैं कि भारत इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा हैं। अमेरिकी उद्योग मंडल 'यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स' के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के द्वारा जारी वैश्विक बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक 2024 में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 42वें स्थान पर है। निःसंदेह शोध एवं नवाचार तथा बौद्धिक सम्पदा की दुनिया में भारत की रैंकिंग यह दर्शा रही है कि भारत इनोवेशन का हब बनता जा रहा है। भारत आईटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। विज्ञान और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट तैयार करने में भी भारत दुनिया में सबसे आगे है। भारत के उद्योग-कारोबार तेजी से समय के साथ आधुनिक हो रहे हैं। विगत अगस्त माह में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के खेतों में जाकर जारी की गई 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्मों से कृषि नवाचार का नया अध्याय लिखा गया है। निश्चित रूप से शोध एवं नवाचार के मद्देनजर भारत ने कारोबारी विशेषज्ञता, रचनात्मकता, राजनीतिक और संचालन से जुड़ी स्थिरता, सरकार की प्रभावशीलता जैसे विविध क्षेत्रों में




अच्छे सुधार किए हैं। साथ ही भारत में घरेलू कारोबार में सरलता, विदेशी निवेश, जैसे मानकों में भी बड़ा सुधार दिखाई दिया है। भारत की शोध एवं नवाचार ऊंचाई में अपार ज्ञान पूंजी, स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न, पेटेंट वृद्धि, घरेलू उद्योग विविधीकरण, हाइटेक विनिर्माण और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए प्रभावी कार्यों के साथ-साथ अटल इनोवेशन मिशन ने भी अहम भूमिका निभाई है। भारत बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के तीन परम रूद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए। सुपरकंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर तैयार किए गए हैं। इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार के बहुआयामी लाभ होते हैं। इनके आधार पर किसी देश में विभिन्न देशों के उद्यमी और कारोबारी अपने उद्योग-कारोबार शुरू करने संबंधी निर्णय लेते हैं। भारत में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध एवं विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनिया अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि सरकार बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार की अहमियत को समझते हुए इस क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए दिखाई दे रही है। वर्ष 2024-25 के बजट में वित्तमंत्री सीतारमण ने उभरते क्षेत्रों में नवाचार और शोध को प्रोत्साहन देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के कोष की स्थापना की है। यद्यपि भारत के विकास में बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े तीन आधारों की बढ़ती भूमिका दिखाई दे रही है, लेकिन इन आधारों से विकास को ऊंचाई देने के लिए इस क्षेत्र में सरकार व निजी क्षेत्र का परिव्यय बढ़ाना होगा। इस समय भारत में आरएंडडी पर जीडीपी का करीब 0.67 प्रतिशत ही व्यय हो रहा है। दुनिया के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब दो फीसदी शोध एवं विकास में व्यय किया जाता है।

ऐसे में हमें ध्यान देना होगा कि कोई 6-7 दशक पहले अमेरिका ने आरएंडडी पर तेजी से अधिक खर्च करके सूचना प्रौद्योगिकी, संचार, दवाओं, अंतरिक्ष अन्वेषण, ऊर्जा और अन्य तमाम क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़कर दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनने का अध्याय लिखा है। हमें अपने औद्योगिक ढांचे में बदलाव लाना होगा, अपनी कंपनियों को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बदलाव को आकार देना होगा। हम उम्मीद करें कि सरकार डब्ल्यूआईपीओ के द्वारा प्रकाशित जीआईआई 2024 के तहत प्राप्त 39वीं रैंकिंग को और ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ेगी। साथ ही देश के उद्योग-कारोबार जगत के द्वारा देश के तेज विकास और आम आदमी के आर्थिक-सामाजिक कल्याण के मद्देनजर बौद्धिक समझ, शोध एवं नवाचार पर अधिक धनराशि व्यय करने की डगर पर आगे बढा जाएगा। इससे जहाँ ब्रांड इंडिया और मेड इन इंडिया की वैश्विक स्वीकार्यता सुनिश्चित की जा सकेगी, वहीं स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, कारोबार, ऊर्जा, शिक्षा, रक्षा, संचार, अंतरिक्ष क्षेत्रों में देश तेजी से आगे बढ़ता दिखगा। हम उम्मीद करें कि देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के मद्देनजर सरकार और उद्योग-कारोबार जगत के द्वारा बौद्धिक संपदा, शोध और नवाचार की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा तथा आर्थिक सामाजिक विकास के नए अध्याय लिखने की डगर पर आगे बढ़ा जाएगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



श्रीकालाहस्ती आंध्र प्रदेश राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल हैं और अपने गुड़िमल्लम मंदिर के लिए प्रसिद्ध हैं। श्रीकालाहस्ती दक्षिण भारत में भगवान भोले नाथ के स्थानों में से एक माना जाता हैं। श्रीकालाहस्ती भगवान शिव के पंच भूतों में से एक के लिए प्रसिद्ध हैं।

**पुरस्कार**
डॉ. एस.डी. वैष्णव



# 'हिबाकुशा' के संगठन को शांति का नोबेल, बड़ा संदेश

इस वर्ष का शांति का नोबेल पुरस्कारजापान के हिबाकुशा लोगों के संगठन 'निहोनहिडानक्यो' को दिया गया है। 'हिबाकुशा' जापान में परमाणु बम के हमले में बच गए उन लोगों का समूह है, जिन्होंने आगे चलकर 1954 में इस संगठन की स्थापना की। इस संगठन का उद्देश्य परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया की कल्पना करना है। अपनी स्थापना के लगभग 70 वर्षों बाद इस संगठन को शांति का नोबेल पुरस्कार मिलना विश्व शांति में मील का पत्थर साबित होगा। द्वितीय विश्व युद्ध 1939-1945 तक का समय विश्व इतिहास में मानव त्रासदी की गाथा के रूप में याद किया जाएगा। मित्र राष्ट्र और धुरी राष्ट्रों के बीच युद्ध का ऐसा तांडव मचा कि उस वक्त दुनिया की आबादी के लगभग तीन प्रतिशत लोग मारे गए। महाशक्तियों के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ का उत्थान इस विश्व युद्ध का परिणाम था। महाशक्तियों ने आर्थिक, औद्योगिक और वैज्ञानिक क्षमता का इस युद्ध में परिचय दिया। यूएसए ने अपनी वैज्ञानिक उन्नति परमाणु हथियार के रूप में पहली बार जापान को दिखाई। 1941 में जापानी सैना ने अमेरिका के नौसैनिक बेस पर्लहार्बर पर हमला किया था जिसका उत्तर अमेरिका ने 1945 में परमाणु हमले के रूप में दिया,जो मानवता के लिए बहुत ही विनाशकारी साबित हुआ। जापान के दोनों हंसते-खेलते शहर हिरोशिमा और नागासाकी पल भर में विनाश के गर्भ में समा गए। 6 अगस्त 1945 का दिन, जब अमेरिकी वायु सेना ने जापान के शहर हिरोशिमा पर बी-29 बमवर्षक विमान मालागेसे 'लिटिल बॉय' और इसके ठीक तीन दिन बाद 9 अगस्त 1945 को नागासाकी पर बी-29 बमवर्षक विमान बॉक्सकार से 'फैटमैन' नमक परमाणु बम गिराया। इस विस्फोट से शहर के केंद्र से पांच वर्ग मील का क्षेत्र राख में तब्दील हो गया। डेढ़ लाख के करीब लोग मारे गए और इस महाविनाश के बाद अंततः जापान को आत्मसमर्पण करना पड़ा। इस एटमी विध्वंस के बाद रेडिएशन और घावों से कई लोगों की मौतें और हुईं। जो बच गए वे अपंगता के शिकार हुए। आज भले ही हिरोशिमा और नागासाकी अपने पूर्ण वैभव को प्राप्त कर चुके हैं, लेकिन परमाणु विस्फोट का दंश ऐसा था कि सालों बाद भी वहाँ के लोगों को ल्यूकेमिया, कैंसर और रेडिएशन के कई अन्य प्रभावों का सामना करना पड़ा। इस महाविनाश की गाथा को 79 वर्ष बीत गए हैं। युद्ध के अमिट निशान वहां के निवासियों के ज़ेहन में अब भी संचित हैं। इजरायल-ईरान तनाव के बरक्स एटमी विध्वंस का जो खतरा आज दुनिया के सामने गहरा रहा है, ऐसे में हमें अतीत से सीख लेनी चाहिए, क्योंकि उसका दंश बहुत ही कारुणिक और हृदय विदारक होता है। आज जब दुनिया महाविनाश के मुहाने पर खड़ी है। हथियारों की होड़ मची हुई है। ऐसे में हमें हिबाकुशा और उनके संगठन 'निहोनहिडानक्यो' की प्रशंसा करनी चाहिए, जो सालों से विश्व शांति की कामना के लिए प्रयासरत हैं। विश्व शांति के इस नोबेल पुरस्कार के साथ ही यह उम्मीद भी की जानी चाहिए कि पूरा विश्व समुदाय एटमी विध्वंस के खतरों से हमेशा बचा रहेगा और परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया में मनुष्यता के लिए जगह हमेशा बची रहेगी।

((लेखक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# अहिंसा के प्रयोग



संकलित
**दर्शन**

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है।

# पांच मिनट का जीवन



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गये वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूँकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तनाव कम करें, खुशियों की तलाश करें

आज भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में हम इतना तेज़ गति से दौड़ रहे हैं कि यह अंधी दौड़ हमें बेवजह का तनाव देकर खुशियों से दूर कर रही है। आज लगभग सभी बीमारियों का एक कारण तनाव भी है और हमारे देश में मानसिक रोगियों की संख्या भी कम नहीं होगी। हमारे पास सभी वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में हैं, लेकिन हमारे मन में शांति नहीं है। अगर हमारा स्वास्थ्य भी खराब रहता हो, विभिन्न टेंशनों के मकड़जाल में हमारा मन हर वक्त घिरा रहता है, स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण हमारे खानपान को भी डॉक्टरों ने सीमित कर दिया है और रात को नींद किसी कारण न आती हो, तो हमारे पास जितनी भी वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में हैं, वो सब बेकार हैं। हमें तनाव दूर कर खुशियों की तलाश करनी चाहिए। *- राहुल चक्रवर्ती, रायगढ़*

## ट्रेंड

### दिल्ली पुलिस को बधाई



मैं दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त करने के सफल ऑपरेशनों की श्रृंखला के लिए बधाई देता हूं, जिसमें हाल ही में गुजरात पुलिस द्वारा 5,000 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद करना भी शामिल है।

-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री

### स्वास्थ्य मंत्रियों का आभारी



नेताओं की अपने नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी है और उन्हें यह काम न्यायसंगत तरीके से करना चाहिए। मैं स्वास्थ्य मंत्रियों का आभारी हूं

-टेड्रोस, महानिदेशक डब्ल्यूएचओ

### मेहनत रंग लाती है



कुछ कलाकार आपके ज़हन में होते है। बचपन की यादों में होते है और फिर आपकी मेहनत आपको उनकी बग़ल में लाकर खड़ा कर देती है! मेरे कॉलेज के ज़माने के स्टार विश्वजीत चटर्जी के मां दुर्गा के पंडाल में जाकर बहुत अच्छा लगा।

-अनुपम खेर, अभिनेता

### स्टारशिप बूस्टर का निरीक्षण



अभी स्टारशिप बूस्टर का निरीक्षण किया गया है, जिसे अब हथियारों ने अपने लॉन्च माउंट में वापस रख दिया है। अच्छा लग रहा है! कुछ बाहरी इंजन नोजल हीटिंग और कुछ अन्य छोटी समस्याओं के कारण विकृत हो जाते हैं, लेकिन इन्हें आसानी से ठीक कर लिया जाता है।

-एलन मस्क, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# ऑस्ट्रेलिया के वीजा के लिए 40 हजार भारतीयों के आवेदन

ऑस्ट्रेलिया के सहायक आव्रजन मंत्री मैट थिस्टलेथवेट ने सोमवार को बताया कि ऑस्ट्रेलिया के नए 'वर्किंग हॉलिडे मेकर' वीजा कार्यक्रम के अंतर्गत 1,000 स्थानों के लिए केवल दो सप्ताह में लगभग 40,000 आवेदन जमा हुए हैं। थिस्टलेथवेट ने उक्त कार्यक्रम की शुरुआत के लिए आयोजित समारोह में कहा कि यह वीजा 18 से 30 वर्ष की आयु के भारतीयों को 12 महीने तक ऑस्ट्रेलिया में रहने, काम करने और अध्ययन करने की अनुमति देता है। यह दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि वीजा प्रक्रिया एक अक्टूबर को शुरू हुई और महीने के आखिर में समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद, बिना किसी क्रम के (रैंडम तरीके से) आवेदकों में से सफल उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा, और चुने गए उम्मीदवार अगले वर्ष की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में अपना प्रवास शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह वीजा भारतीय युवकों को ऑस्ट्रेलियाई संस्कृति में खुद को शामिल करने का और अनेक क्षेत्रों में कार्य अनुभव प्राप्त करने का अवसर देता है। थिस्टलेथवेट ने कहा, 'वर्किंग हॉलिडे मेकर' वीजा की सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें आप जो काम कर सकते हैं, उस पर कोई प्रतिबंध नहीं है।




## ऑफ बीट

# क्या तोता पालन से वन्यजीव प्रजातियों की सुरक्षा होती है?

विश्वभर में आज तोतों की लगभग 400 प्रजातियां हैं और इनका करीब एक तिहाई हिस्सा विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रहा है। इनमें से विलुप्तप्राय अफ्रीकी ग्रे तोता भी शामिल है। आम तौर पर यह पक्षी पश्चिम एवं मध्य अफ्रीका के कई हिस्सों में पाया जाता था लेकिन धीरे धीरे इनकी संख्या में कमी आती गई। घाना में 1990 के दशक की शुरुआत से इसकी आबादी 99 प्रतिशत से घटकर 90 प्रतिशत तक हो गई है। हाल के वर्षों में बड़े व्यावसायिक फार्म उभरे हैं, जिनमें पालतू पक्षियों के रूप में बिक्री के लिए तोतों की संख्या बढ़ाई जा रही है। दक्षिण अफ्रीका अब तोतों का दुनिया में अग्रणी निर्यातक है। देश ने 2020 से मुख्य रूप से पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के देशों में 120 से अधिक प्रजातियों के दस लाख से अधिक तोतों का निर्यात किया है। फिर भी उद्योग के तीव्र विकास के बावजूद इसके विस्तार को रोकने के लिए मौजूदा कानून के प्रभाव को लेकर चिंताएं हैं। वन्यजीव व्यापार और तोतों पर इसके प्रभाव का अध्ययन करने में दशकों बिताने वाले शोधकर्ताओं के रूप में हमने मौजूदा मुद्रित सामग्री की गहन समीक्षा की ताकि यह मूल्यांकन किया जा सके कि तोता पालन जंगली तोतों के संरक्षण के प्रयासों को कैसे प्रभावित करता है।



## अपने विचार


**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# ऑडिशन में 10 एक्टर को किया रिजेक्ट...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कृति सेनन की अपकमिंग फिल्म 'दो पत्ती' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। काजोल संग कृति सेनन इस फिल्म में कभी न देखे गए अंदाज में नजर आने वाली हैं। कृति अपनी इस अपकमिंग फिल्म में डबल रोल में नजर आएंगी। 'दो पत्ती' में उन्होंने एक्टिंग के साथ ही इसे प्रोड्यूस भी किया है। फिल्म की राइटर कनिका ढिल्लों ने बताया कि एक्ट्रेस ने 'ध्रुव' के रोल के लिए कम से कम 10 लोगों के ऑडिशन के बाद टीवी एक्टर शाहीर शेख को सेलेक्ट किया। कनिका ढिल्लों कहती हैं, 'कृति फिल्म की निर्माता के तौर पर इसमें पूरी तरह से शामिल थीं। उन्होंने सभी ऑडिशन खुद ही किए थे। उन्होंने कहा लास्ट 10 राउंड मैं खुद ही ऑडिशन लूंगी। वो खुद जाकर सबके ऑडिशन लेती थीं। आधे लोग ये सोचकर घबरा जाते थे कि कृति ऑडिशन लेने आई हैं'।



## रेलवे की पटरी पर बैठकर सोचते थे कि कैसे वो मुंबई जाने का सपना पूरा करेंगे

# अपनी जन्मभूमि साहनेवाल का रेलवे स्टेशन और गलियां देख आंसुओं में डूब गए धर्मेंद्र

*नई दिल्ली। बॉलीवुड इंडस्ट्री में कुछ दिग्गज कलाकार ऐसे हैं जिन्होंने बहुत छोटी जगह से निकल कर अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की और ऐसी सफलता हासिल की कि कभी इन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। लेकिन आज भी ये अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं और जब उनके सामने उनकी स्ट्रगल स्टोरी आती है तो वो काफी इमोशनल हो जाते हैं। ठीक इसी तरह से रियलिटी शो के मंच पर जब धर्मेंद्र पाजी पहुंचे और उन्हें उनकी जिंदगी के उस पहलू को दिखाया गया जब वो पंजाब के साहनेवाल में रहते थे। ये देखकर धर्मेंद्र पाजी इमोशनल हो गए।*




### स्ट्रगल स्टोरी देख हुआ इमोशनल

इंस्टाग्राम पर dharam_hema नाम से बने पेज पर रियलिटी शो का एक वीडियो शेयर किया गया है। इसमें गेस्ट जज के तौर पर धर्मेंद्र शामिल हुए और मंच पर जब उनकी कहानी दिखाई गई तो काफी इमोशनल हो गए। इस वीडियो में लुधियाना से 10 किलोमीटर दूर उनके गांव साहनेवाल को दिखाया गया और बताया गया कि कैसे यहां से उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की। सालों तक रेलवे की पटरी पर बैठकर वो ये सोचते थे कि कैसे वो मुंबई जाने का अपना सपना पूरा करेंगे। फिर उन्होंने यहां से निकल कर अपने एक्टर बनने की जर्नी शुरू की। ये वीडियो देखकर मंच पर बैठे धर्मेंद्र के अलावा उनके बेटे सनी देओल और उनके पोते भी इमोशनल हो गए।

### धरम पाजी को कोई टक्कर नहीं दे सकता

सोशल मीडिया पर धर्मेंद्र का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और हजारों लोग इस वीडियो को लाइक कर चुके हैं। एक यूजर ने लिखा वी लव देओल फैमिली। एक ने लिखा कि हमारे दिलों से अपने गांव की यादें कभी नहीं जाती हैं। धर्मेंद्र के एक फैन ने लिखा कि धर्मेंद्र पाजी वो हैं जिससे कोई भी टक्कर नहीं ले सकता था उस समय। इसी तरह से कई यूजर्स ने इसपर लव इमोजी शेयर की और उनके प्रति अपना प्यार दिखाया। बता दें कि धर्मेंद्र का जन्म 8 दिसंबर 1935 को लुधियाना जिले के साहनेवाल गांव में एक जाट सिख परिवार में हुआ था। उन्होंने 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरा फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की और इसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और सैकड़ों सुपर डुपर हिट फिल्में कीं। आखिरी बार धर्मेंद्र को फिल्म रॉकी रानी की प्रेम कहानी और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में देखा गया था और अब जल्दी धर्मेंद्र अपने फिल्म के सीक्वल में नजर आने वाले हैं।



# बाबा सिद्दीकी को अपने बेटे की तरह मानते थे सुनील दत्त...

**नई दिल्ली।** बाबा सिद्दीकी की हत्या ने राजनीति के साथ बॉलीवुड जगत के लोगों को भी हिलाकर रख दिया है। सभी जानते हैं कि बाबा सिद्दीकी के बॉलीवुड से अच्छे संबंध थे। शाहरुख-सलमान के अलावा संजय दत्त उनके काफी करीबी थे और दत्त फैमिली से उनका संबंध वर्षों पुराना था। बाबा सिद्दीकी के करीबी बताते हैं कि बॉलीवुड के साथ उनके संबंध की शुरुआत संजय दत्त के पिता सुनील दत्त के साथ हुई थी। दोनों एक-दूसरे के काफी करीबी थे। कहा जाता है कि सुनील दत्त सिद्दीकी को बेटे की तरह मानते थे। उनके जाने के बाद संजय दत्त और प्रिया दत्त से भी बाबा सिद्दीकी ने अच्छे संबंध रखे। दत्त और सिद्दीकी परिवार काफी नजदीक थे, अक्सर इफ्तार समेत अन्य फैमिली पार्टी में वे साथ शामिल होते थे। कहा तो यह भी जाता है कि जब संजय दत्त आर्म्स एक्ट में फंसे थे, तो बाबा सिद्दीकी उस मुसीबत की घड़ी में व्यक्तिगत रूप से उनके साथ खड़े थे। इसके अलावा संजय की बहन प्रिया दत्त की जब राजनीति में एंट्री हुई तो उन्होंने उनकी भी काफी मदद की। यही कारण है कि उसकी हत्या की जानकारी होते ही संजय दत्त सबसे पहले अस्पताल पहुंचने वालों में थे। प्रिया दत्त भी बाबा सिद्दीकी को देखने लीलावती अस्पताल गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'बाबा सिद्दीकी की दुखद मौत की खबर सुनकर मैं स्तब्ध हूं। बाबा सिर्फ एक राजनीतिक सहयोगी नहीं थे, बल्कि वह मेरे परिवार के सदस्य थे। मेरे पिता के लिए बाबा सिद्दीकी एक बेटे की तरह थे और मेरे लिए वह एक भाई और एक प्यारे दोस्त थे।' उन्होंने आगे लिखा कि 'मेरे पिता की राजनीतिक यात्रा के दौरान और उसके बाद भी वे हमेशा उनके साथ खड़े रहे। जब मैंने राजनीति में प्रवेश किया, तो उन्होंने मुझे इसके उतार-चढ़ाव के दौरान मार्गदर्शन किया और अपना अटूट समर्थन दिया। उनका जाना परिवार के किसी सदस्य के चले जाने जैसा है। भाभी, जीशान और अर्शिया के लिए मेरा दिल दुख रहा है। भगवान उन्हें इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। उनकी आत्मा को शांति मिले।'



# आराध्या संग झूमते दिखे ऐश-अभिषेक




*मुंबई। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन को लेकर तलाक की खबरें जोरों से फैल रही हैं, लेकिन अब एक और वीडियो सामने आ गया है जो सबके मुंह पर ताला लगाने के लिए काफी है। अनंत अंबानी के प्री वेडिंग के ट्रेलर में दोनों को एक साथ बैठकर एंजॉय करते देखा जा सकता है। साथ में उनकी बेटी भी है। एक नए वीडियो से पता चला है कि ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन, अनंत अंबानी की शादी के प्री-वेडिंग में एक साथ खुलकर एंजॉय कर रहे थे। अंबानी परिवार ने अनंत अंबानी की एक नई डॉक्यूमेंट्री रिलीज की है, जिसमें इस साल मार्च में जामनगर में हुए तीन दिन के प्री-वेडिंग फंक्शन की झलकियां दिखाई गई हैं। डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर भी शेयर किया गया और इसमें अभिषेक और ऐश्वर्या एक साथ थे। वीडियो में अभिषेक और ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ बैठे हुए हैं।*

# जारी हुआ वरुण-सामंथा की सीरीज का नया पोस्टर...

मुंबई। वरुण धवन और सामंधा रुथ प्रभु की आगामी सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए खुशखबरी है, 'सिटाडेल: हनी बन्नी' के रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। दोनों अपनी आगामी सीरीज में जासूस के किरदार में नजर आने वाले हैं। बीते दिनों ही फिल्म के ट्रेलर रिलीज की जानकारी देते हुए बताया गया था कि इसका ट्रेलर 15 अक्टूबर को रिलीज होगा। सोमवार को अमेजन प्राइम वीडियो ने एक नया पोस्टर जारी करते हुए सीरीज के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। एक्शन से भरपूर होने का वादा करने वाली यह सीरीज 7 नवंबर से प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगी।



## टीवी मसाला




# अनुपमा में होने जा रही है स्मृति ईरानी की एंट्री?

**नई दिल्ली।** राजन शाही का पॉपुलर शो अनुपमा शुरू से ही दर्शकों का फेवरेट शो रहा है। इस ने दर्शकों के दिल में अपनी एक खास जगह बनाई है। बीते दिनों कई किरदार इस शो को छोड़कर चले गए हैं। वहीं, अब रुपाली गांगुली का ये शो अपने लीप को लेकर चर्चा में बना हुआ है। जाहिर है कि 15 साल के लीप के बाद कहानी पलट गई है। साथ-साथ नए कलाकारों की भी एंट्री हुई। इसी बीच अब अनुपमा शो से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जो फैंस के लिए सप्राइज है। खबर है कि अनुपमा में स्मृति ईरानी की एंट्री हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा नेता स्मृति ईरानी फिर से टीवी पर वापसी करने वाली हैं। सूत्रों का कहना है की स्मृति टीवी के टॉप शो अनुपमा से छोटे पर्दे पर वापसी करने का मन बना रही हैं। क्या शो में स्मृति, रुपाली की जगह लेंगी या फिर किसी नए किरदार में होंगी ये क्लियर नहीं है। हालांकि, अभी तक स्मृति के अनुपमा में आने को लेकर मेकर्स या एक्ट्रेस की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। आखिरी बार स्मृति ईरानी साल 2009 में कॉमेडी शो में नजर आई थी जिसके बाद उन्होंने टीवी की दुनिया को अलविदा कहकर राजनीतिक करियर पर ध्यान दिया।

## शेयर की अपनी आखिरी बची पलक की फोटो

**नई दिल्ली।** हिना खान ने कैंसर से जंग के बीच एक और इमोशनल लेकिन मोटिवेशनल पोस्ट डाला है। उन्होंने अपनी आखिरी बची पलक की तस्वीर पोस्ट की है। साथ में बताया है कि इस वक्त उनका मोटिवेशन क्या है। हिना ने लिखा है कि कीमोथेरपी की वजह से उनकी सारी पलकें झड़ गईं बस एक बची है। उम्मीद की है कि सब जल्द ठीक होगा। हिना ने कैप्शन लिखा है, जानना चाहते हैं, इस वक्त मेरे मोटिवेशन का सोर्स क्या है? कभी मेरी आंखों को सजाने वाली ढेर सारी मेरी जेनेटिकली लंबी पलकों के साथ रही यह बहादुर, अकेली सिपाही मेरी आखिरी खड़ी पलक सारी कठिनाइयों से लड़कर मेरे साथ खड़ी है। कीमो की लास्ट साइकल के करीब हूं तो यह आखिरी पलक मेरा मोटिवेशन है। हम आखिरी तक इसे भी देखेंगे। इंशाअल्ला हम जरूर देखेंगे। हिना ने साथ में लिखा है, मैंने एक दशक या असल में इससे ज्यादा समय से नकली आईलिड्स नहीं लगाई हैं पर अब अपने शूट्स के लिए लगानी पड़ती हैं। कोई ना। सब ठीक हो जाना है।





# एडीएचडी बीमारी से जूझ रही हैं आलिया...

**मुंबई।** आलिया भट्ट ने हाल ही में एक बातचीत में खुलासा किया कि उन्हें एडीएचडी यानी अटेनशन डिफिशिएट हाईएक्टिविटी डिसऑर्डर का पता चला था। एक मनोवैज्ञानिक टेस्ट में इस बीमारी का मालूम हुआ। अपने बचपन के दिनों की बात करते हुए उन्होंने आगे कहा कि वे बचपन में अपनी क्लास के बच्चों से दूर हो जाया करती थीं और कभी-कभी बातचीत के दौरान गुस्सा हो जाया करती थीं। हाल ही में आलिया को अपनी इस बीमारी के बारे पता चला है। आलिया भट्ट ने कहा कि जब उन्होंने अपने दोस्तों को अपनी बीमारी के बारे में बताया तो आलिया के दोस्तों ने उनसे कहा कि वो पहले से ही जानते थे। हालांकि, आलिया को इस बारे में अब जाकर पता चला है। इस बीमारी से पीड़ित इंसान में ध्यान की कमी पाई जाती है। और चीजों पर गुस्सैल रवैये से तुरंत प्रतिक्रिया देना उसकी आदत में शामिल होता है।



# सफेद शेरवानी में दूल्हे राजा बनकर छाए

**मुंबई।** रणबीर कपूर दूल्हे राजा के लिबास में नजर आए हैं। सफेद शेरवानी और पगड़ी में उनका अंदाज देखने लायक है। इतना ही नहीं, वायरल वीडियो में रणबीर बरात लेकर निकलते दिखे हैं और खूब नाचते-झूमते हुए आगे बढ़ रहे हैं। रणबीर कपूर को अचानक दूल्हे राजा के लिबास में देख अगर आप सोच रहे हैं कि उनका यह लुक किसी विज्ञापन और फिल्म से संबंधित है तो बता दें कि ऐसा नहीं है। फिर क्या है सच्चाई? रणबीर कपूर ने यह लुक मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी के शो के लिए अपनाया है। दिल्ली में आयोजित इस शो में रणबीर कपूर शो स्टॉपर बने। रणबीर कपूर भारतीय दूल्हे के लुक में नजर आए। वीडियो में रणबीर कपूर की कार और ढोल नगाड़ों के साथ एंट्री होती दिख रही है। रणबीर स्टेज पर भी अन्य मॉडल्स के साथ डांस करते हुए नजर आए।



# भारत ने बनाया खुद का 'आयरन डोम', पोखरण में किया परीक्षण

**खास बातें**

- सतह से विमान भेदी मिसाइल
- वजन 20.5 किलोग्राम
- लंबाई 6.7 फीट और व्यास 3.5 इंच
- 2 किलोग्राम वजन वाले हथियार को ले जाने में सक्षम
- मारक क्षमता 250 मीटर 6 किलोमीटर तक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित की है। इसके द्वारा कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों, मानव रहित विमान सहित हेलीकॉप्टर को भी मार गिरा सकता है। इसके अलावा, ये हवाई हमलों से बचाव कर पाने में भी सक्षम है। भारत ने पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में खुद के बनाए 'आयरन डोम' का सफल परीक्षण किया है। यह चौथी पीढ़ी की कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है। इसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। इसे आसमान में भारत का स्वदेशी रक्षक भी कह सकते हैं। तकनीकी भाषा में इसे वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम या वीएसएचओआरएडीएस कहते हैं। आम भाषा में इसे कंधे से दागे जाने वाली विमान भेदी मिसाइल भी कह सकते हैं। यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है।



## हवाई हमलों को ट्रैक करेगी

यह रक्षा प्रणाली रिएक्शन कंट्रोल सिस्टम और इंटीग्रेटेड एवियोनिक्स सिस्टम से लैस है। प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणालियां किसी भी दिशा में मिसाइल को थ्रस्ट देने में सक्षम हैं। साथ ही इमेजिंग इंफ्रारेड होमिंग सिस्टम भी लगा है। इस तकनीक से दुश्मन के हवाई हमलों को ट्रैक करने में मदद मिलती है। **अचूक निशाना :** इस रक्षा प्रणाली का निशाना अचूक है। परीक्षण के दौरान इस मिसाइल ने अपने लक्ष्यों को पूरा करते हुए टारगेट को नष्ट कर दिया। ग्राउंड बेस्ड मैन पोर्टेबल लॉन्चर से किए गए इस परीक्षण में सेना के अधिकारी भी मौजूद थे। इसके अब तक तीन सफल परीक्षण हो चुके हैं।


## आसानी से ले जा सकते हैं

अत्याधुनिक तकनीक से लैस इस रक्षा प्रणाली को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसे आसानी से कहीं भी ले जाया सकता है। इसकी खासियत ये है कि यह कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों, मानव रहित विमान सहित हेलीकॉप्टर को भी मार गिरा सकता है। इसके अलावा, ये हवाई हमलों से बचाव कर पाने में भी सक्षम है।

## खबर संक्षेप

### आज से पाकिस्तान के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे विदेश मंत्री जयशंकर

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** सीमा पर बनी हुई सुरक्षा चुनौती के बीच मंगलवार से विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर पाकिस्तान की दो दिवसीय (15 से 16 अक्टूबर तक) यात्रा पर रहेंगे। इसमें वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। उनकी पाकिस्तान यात्रा की शुरुआत 15 अक्टूबर की सुबह होगी और उससे जुड़ा समूचा कार्यक्रम करीब 24 घंटे में पूरा हो जाएगा। जिसमें पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा दिए जाने वाले स्वागत रात्रिभोज के कार्यक्रम में एस.जयशंकर के शामिल होने की संभावना है। हालांकि पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार के साथ उनकी कोई द्विपक्षीय बैठक नहीं होगी।



### 8 सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए 161 आवेदनों का अंबार

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग में कुल 8 पद सूचना आयुक्तों के खाली हैं। उन्हें भरने के लिए मुख्य सूचना आयुक्त ने आवेदन मंगाये तो आश्चर्यजनक रूप से आठ पदों के लिए 161 आवेदनों का अंबार लग गया। अब इतने आवेदनों की सीट बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति के समक्ष पेश किया जाएगा। समिति तय करेगी कि इनमें से किन किन को मौका दिया जा सकता है। केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के अलावा 10 सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का प्रावधान है जो मूल रूप से सूचना के अधिकार के तहत किये गये आवेदन, शिकायतों का निवारण करते हैं। अभी मुख्य सूचना आयुक्त के साथ केवल दो सूचना आयुक्त ही काम कर रहे हैं। शेष 8 सूचना आयुक्तों की नियुक्ति होनी है। गत 14 अगस्त को सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए अखबारों के माध्यम से विज्ञापन निकाला गया था।

## एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

# बांद्रा से 6 किमी दूर मुंबई के कुर्ला में रची गई थी साजिश

### सामने आया वीडियो जहां रह रहे थे आरोपी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई का बांद्रा ईस्ट इलाका, शनिवार की रात शहर में जब दशहरा के पटाखों की आवाज गूंज रही थी तभी कुछ गोलियों के शोर ने मुंबई को खौफ और सन्नाटे से भर दिया। डिप्टी सीएम अजित पवार की एनसीपी के नेता, मुंबई की राजनीति में बड़ा नाम और फिल्मी दुनिया से ताल्लुक रखने वाले बाबा सिद्दीकी अपने विधायक बेटे जीशान के दफ्तर से निकल रहे थे। जैसे ही वह ऑफिस से बाहर निकले तीन शूटर आए और उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। दो गोलियां उनके पेट में लगीं और एक सीने में। उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया, बचाने की कोशिशें की गईं लेकिन कुछ देर बाद सिद्दीकी ने दम तोड़ दिया। यह हत्या मुंबई के पॉश इलाके बांद्रा में बीच सड़क पर हुई लेकिन इसकी साजिश बांद्रा से 6 किमी दूर मुंबई के कुर्ला इलाके में रची गई थी।

### एक साथ रुके थे तीनों आरोपी

मुंबई के कुर्ला इलाके में स्थित एक कमरे का वीडियो सामने आया है। किराए के इस रूम में तीनों आरोपी शूटर शिवकुमार, धर्मराज और गुरमेल एक महीने से रुके हुए थे। यही वो कमरा था जहां इन तीनों ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रची।



### क्राइम ब्रांच ने तेज कर दी है जांच

बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में पुलिस और क्राइम ब्रांच ने अपनी जांच तेज कर दी है। अभी तक इस मामले में पुलिस दो कथित शूटरों को अरेस्ट कर चुकी है जबकि तीसरा शूटर शिव कुमार अभी भी फरार है। उसकी तलाश में मुंबई पुलिस लगातार जुटी हुई है। गुरमेल सिंह, धर्मराज कश्यप और शिव कुमार ने शनिवार को बाबा सिद्दीकी पर फायरिंग की थी। इनमें से धर्मराज और गुरमेल को गिरफ्तार कर लिया है जबकि जीशान, शुभम लोनकर और शिव कुमार फरार है। शुभम के भाई प्रवीण को भी बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

### बिश्नोई गैंग से जुड़े तार

बता दें, एक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद इस हत्याकांड के तार लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ गए हैं। पोस्ट में दावा किया गया कि बाबा सिद्दीकी की मौत की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है और पुलिस इस पोस्ट की जांच कर रही है। बिश्नोई गैंग ने सलमान खान और दाऊद गैंग के करीबियों को धमकी भी दी है। उसने कहा कि ऐसे लोग अपना हिसाब-किताब रखना।

### सलमान के घर की सुरक्षा बढ़ी

लॉरेंस बिश्नोई का नाम सामने आने के बाद बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। नवी मुंबई पुलिस ने पुष्टि की है कि सलमान खान के पनवेल फार्म हाउस की गश्त बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भी लगाया गया है जो फार्म हाउस के अंदर और बाहर के भी हिस्से में तैनात रहेंगे। कई जगहों पर नाकाबंदी भी लगाई जा रही है ताकि गाड़ियों को चेकिंग की जा सके। इसके अलावा सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट की सिक्योरिटी भी बढ़ा दी गई है।

### 'हिम्मत है तो बाबा सिद्दीकी पर गोली चलाने वालों का एनकाउंटर कीजिए'

**शिवसेना नेता संजय राउत ने शिंदे सरकार पर किया तंज**



*बाबा सिद्दीकी हत्याकांड से जुड़े मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बड़ा बयान दिया है। संजय राउत ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा, 'अगर हिम्मत है, तो बाबा सिद्दीकी पर जिन्होंने गोली चलाई, जो इस वारदात के सूत्रधार हैं, उनका एनकाउंटर कीजिए ना।' पुलिस सूत्रों ने बताया कि बाबा सिद्दीकी के पास किसी भी प्रकार की स्पेशल कैटेगरी की सुरक्षा नहीं थी, लेकिन सुरक्षा के लिए तीन सिपाही उनके साथ रहते थे। वे वारदात के समय भी उनके साथ थे, पर घटना के दौरान वह कुछ नहीं कर सके। एक अन्य कार्यकर्ता के पैर में भी गोली लगी है।*

## खड़गे पर लगा वक्फ संपत्ति हड़पने का आरोप

# वक्फ बिल पर जेपीसी मीटिंग से विपक्ष का वॉकआउट

एजेंसी ▶▶ मुंबई



वक्फ बिल पर बनी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की सोमवार को हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर वक्फ संपत्ति कब्जाने का आरोप लगा। इससे नाराज विपक्षी दलों के सांसदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। साथ ही स्पीकर को चिट्ठी लिखकर कमेटी के चेयरपर्सन जगदंबिका पाल को हटाने की मांग की। स्पीकर से मिलने का समय भी मांगा। विपक्षी सांसदों का आरोप है कि कमेटी की कार्यवाही तय नियम के हिसाब से नहीं हो रही है।

कर्नाटक माइनॉरिटी कमीशन के पूर्व चेयरपर्सन अनवर मणिप्पाडी ने एक प्रेजेंटेशन दी, लेकिन यह बिल से जुड़ी न होकर कर्नाटक सरकार और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को बदनाम करने के लिए थी। अनवर ने अपने प्रेजेंटेशन में खड़गे पर वक्फ संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया, जिसका विपक्षी सांसदों ने विरोध किया।

### मणिप्पाडी कमेटी ने दी थी रिपोर्ट

दरअसल, मार्च, 2012 में वक्फ के 2.3 लाख करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाने वाली मणिप्पाडी कमेटी ने तत्कालीन सीएम सदानंद गौड़ा को अपनी रिपोर्ट दी थी। अनवर मणिप्पाडी उस समय कर्नाटक माइनॉरिटी कमीशन के चेयरपर्सन थे। उन्होंने ही इस कमेटी की भी अध्यक्षता की थी। करीब आठ साल बाद सितंबर, 2020 में रिपोर्ट विधानसभा में रखी गई। उसमें कांग्रेस के कई बड़े नेताओं के नाम थे। वहीं, केरल विधानसभा ने सोमवार बिल के खिलाफ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार इसे वापस लेने का आग्रह किया है। वक्फ (संशोधन) बिल 8 अगस्त को लोकसभा में पेश किया गया था और विपक्ष की आपत्ति के बीच इसे जेपीसी को सौंपा था। कमेटी को अगले संसद सत्र के पहले सप्ताह के आखिर तक अपनी रिपोर्ट लोकसभा को सौंपनी है।

# महाराष्ट्र में हरियाणा जैसी स्थिति न बने.. सावधान रहें, राहुल की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में हार की रार के बीच राहुल गांधी ने महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नेताओं से वन-टू-वन अकेले में चर्चा की। दो टूक कहा कि किसी भी कीमत पर महाराष्ट्र में हरियाणा जैसे हालात न पैदा हों इसके लिए बेहद सजग रहकर टिकटों का बंटवारा हो। प्रदेश सरकार की नाकामयाबियों की ऐसी फेहरिस्त तैयार की जाए जिसका संबंध सीधे महाराष्ट्र की जनता से है। किसी भी कीमत पर आपसी टकराव न हो। खींचातानी, सार्वनिक टीका टिप्पणी को अनुशासन के दायरे में लाया जाए। राहुल गांधी से बातचीत कर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, मुंबई अध्यक्ष वर्षा गायकवाड, विपक्ष के नेता विजय वेडत्तीवार, कांग्रेस विधायक दल के नेता बाला थोराट बाहर निकले तो मीडिया से बिना बात किये सीधे महाराष्ट्र सदन की ओर रुख किया। मगर, सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र की 100-110 सीटों पर तैयारी करने के लिए राहुल गांधी ने कहा है।

- महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नेताओं से वन-टू-वन चर्चा



### मजबूत स्थिति में विपक्षी गठबंधन

महाराष्ट्र में माना जा रहा है कि कांग्रेस, शरद पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना का संयुक्त विपक्षी गठबंधन बहुत मजबूत स्थिति में है। महाराष्ट्र में भी हरियाणा जैसी बयार विपक्षी खेमे में बह रही है। सत्ता में बस आने ही वाले हैं ऐसे मिजाज से खबरदार करते हुए राहुल गांधी ने सूबे के नेतृत्व को साफ साफ कहा कि कोई भी खुद को सीएम मेटेरियल या मुख्यमंत्री पद का दावेदार न बताये।

## झारखंड में मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की बड़ी कार्रवाई

# मंत्री मिथिलेश और आईएएस समेत 20 स्थानों पर मारा छापा

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार को छापा मारा। छापेमारी कुछ बिजनेसमैन, एक मिनिस्टर के क्लेरिकल स्टाफ और ब्यूरोक्रेट्स के ठिकानों पर की।

बताया जा रहा है कि एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट की झारखंड में यह छापेमारी जल जीवन मिशन से जुड़े एक्सटॉर्शन रैकेट मामले में है। एक्सटॉर्शन रैकेट से जुड़े इस केस में ईडी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच कर रही है। रांची और चाईबासा में 20 से अधिक ठिकानों पर ये कार्रवाई की है।

बिजनेसमैन, क्लेरिकल स्टाफ और ब्यूरोक्रेट्स भी शामिल



### मंत्री के भाई पर भी नजर

*ईडी ने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर और आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से जुड़े ठिकानों पर ये कार्रवाई की। ईडी के अधिकारी जिन अवैध धन के स्रोतों और कागजात की तलाश में छापेमारी कर रहे हैं। उनमें मिथलेश के भाई विनय ठाकुर, उनके निजी सचिव हरेंद्र सिंह, मनीष रंजन और विभाग के कई इंजीनियर शामिल हैं। ईडी की टीम जिन जगहों पर छापेमारी कर रही है, उनमें विजय अग्रवाल का इंद्रपुरी रोड स्थित आवास, रातू रोड स्थित आवास के अलावा हरमू और मोरहाबादी शामिल हैं। मनीष रंजन काफी समय तक पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में सचिव रह चुके हैं।*

### भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच हुई 2+2 सचिव स्तरीय बैठक

**हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की दादागिरी के दौर में सोमवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टू प्लस टू सचिव स्तरीय बैठक हुई। जिसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई विदेश सचिव विक्रम मिस्री और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने की। जबकि ऑस्ट्रेलियाई दल का नेतृत्व वहां के रक्षा विभाग के सचिव ग्रेग मोरियर्टी और विदेश, व्यापार विभाग के सचिव जन एडम्स ने किया। विदेश मंत्रालय ने बताया की इस बैठक में दोनों पक्षों ने पिछले साल नवंबर में दोनों देशों के बीच हुई टू प्लस टू की मंत्रिस्तरीय बैठक की समीक्षा की।

## एक्टर-कॉमेडियन अतुल परचुरे का निधन

# कपिल के कामेडी शो में छोड़ी छाप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिग्गज मराठी एक्टर-कॉमेडियन अतुल परचुरे का निधन हो गया है। उन्होंने 57 की उम्र में आखिरी सांस ली। मराठी के साथ-साथ हिंदी फिल्मों और टीवी सीरियल्स में काम करने वाले अतुल परचुरे लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। हालांकि कैंसर पर काबू पाने के बाद उन्होंने फिर से जोश के साथ काम करना शुरू किया था और कई मराठी शोज में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों के दिलों पर राज किया। लेकिन उनकी सेहत लगातार गिरती जा रही थी। वो कैंसर के बाद होने वाली शारीरिक समस्याओं और कमजोरी से जूझ रहे थे। खबरों की मानें तो उन्हें फिर से कैंसर की बीमारी ने घेर लिया था। अतुल अपने पीछे मां, पत्नी और बेटी को छोड़ गए हैं। उनके अचानक इस दुनिया को अलविदा कर चले जाने से परिवार गमगीन है और फैंस के बीच मातम छा गया है।



### महाराष्ट्र सीएम ने जताया शोक

महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने एक्टर अतुल परचुरे के निधन पर शोक जताया। सीएम ने मराठी में एक्टर के लिए अपनी फीलिंग्स बयां की और बताया कि वो एक्टिंग के कितने बड़े महारथी थे। सीएम ने लिखा- तेज तर्रार एक्टर की असमय विदाई- ''कभी दर्शकों को हंसा रहे हैं तो कभी भौंहें चढ़ा रहे हैं। हमेशा अंतर्मुखी रहने वाले क्लासिक अभिनेता अतुल परचुरे की असामयिक मृत्यु दुखद है।

### मराठी के साथ हिंदी सिनेमा का जाना माना चेहरा

अतुल परचुरे के जाने से मराठी के साथ-साथ हिंदी फिल्म और टीवी इंडस्ट्री को भी एक गहरा झटका लगा है। वो कपिल शर्मा के साथ कॉमेडी नाइट्स शो पर भी अपनी कॉमेडी का तड़का लगा चुके हैं। इसके अलावा वो कॉमेडी सर्कस, यम हैं हम, आरके लक्ष्मण की दुनिया जैसे कई हिट सीरियल्स कर चुके हैं। एक्टर ने हाल ही में अपने नए थियेटर प्ले सूर्याची पिल्लई की अनाउंसमेंट की थी। अतुल ने हिंदी सिनेमा में भी कई अहम किरदार निभाए थे। वो शाहरुख खान की बिल्लू, सलमान खान की पार्टनर, और अजय देवगन की ऑल द बेस्ट में भी अपनी कॉमिक टाइमिंग से हर किसी का दिल जीत चुके हैं। इसके अलावा अतुल ने क्योंकि, सलाम-ए-ईश्क, कलयुग, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, और खिचड़ी जैसी कई फिल्में की हैं।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**लेबर/मिस्त्री**

**आवश्यकता है-** दाल मिल में कार्य हेतु दाल मिल का अनुभवी कर्मचारी/लेबर (कुली) दाल मिल मिस्त्री जिसको फिटर/सारटेक्स/दाल मिल चलाने का अनुभवी हो। **संपर्क कन्हैयालाल संतोषकुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डू विधान सभा रोड रायपुर- 9826141178.** (RO-5970)

**कुक**

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य करने हेतु इन्डियन चायनीज कुक की आवश्यकता है। अनुभवी ही सम्पर्क करें। **होटल विनार बार एन्ड रेस्टॉरेन्ट-गली नं. 1 जयस्तम्भ चौक मों. - 9713577672.** (RO-5971)

**आवश्यकता है-** कुक चाहिए हॉस्टल नया रायपुर में 60 लोगों का खाना बनाने हेतु अनुभवी कुक चाहिए **मोबाइल -9826136230.** (RO-5968)

**सेल्समेन/पैकिंग कार्य**

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में पैकिंग कार्य, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं सेल्समैन के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है **ओम फार्मा ओल्ड मेडिकल काम्पलेक्स दुकान नंबर 38 जी.ई. रोड रायपुर छत्तीसगढ मों.- 9826176668. फोन नंबर 0771-2228312.** (RO-5969)

**सफाई कर्मी**

**आवश्यकता है-** ऑफिस में साफ -सफाई एवं चाय /पानी पिलाने हेतु 10 पद लड़के की आवश्यकता है। वेतन चार अंको में **संपर्क शॉप नंबर 12 रेलवे क्रॉसिंग के पास आकाशगंगा सुपेला mo.- 9827806026.** (आरो-6388)

क्लासीफाईड

**सेल्समेन/ सेल्सगर्ल**

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (RO-3044)

**चिकित्साकर्मी**

**आवश्यकता है-** स्टाफ नर्स, ट्रेनी नर्स एवं वार्ड बॉय की आवश्यकता है रहने की सुविधा, **संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.** (RO-3043)

**दुकान कार्य**

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर दुकान में कार्य करने के लिए आठवीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क करे:- जैन हार्डवेयर एंड टूल्स, बाम्बे मार्केट, रायपुर, 9229101124.** (RO-398)

**अन्य**

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर 30,000 से 40,000 हजार रुपए मासिक आय सेल्समैन लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है (शिक्षित/ साक्षर एवं अशिक्षित योग्यतानुसार **संपर्क :-7024797456 मिलने का समय सुबह 10:30 से 12:30 तक।** (RO-3762)





**Business व्यापार**

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871.** (RO-2998)

**Education शिक्षण**

**मेडिकल प्रवेश-** 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग ( छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048. (आरो न.- 6387)

**Finance फायनेंस**

**फाइनेंस -** लोन! लोन! लोन! DHANI FINANCE (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) **संपर्क:- 9201996879.** (RO-3045)

हरिभूमि

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841.** (RO-3035)

**फाइनेंस -** पेंशनर लोन, होम लोन, सिर्फ सरकारी कर्मचारी हेतु सभी नेशनल बैंक से उपलब्ध। केवल बैंक सर्विस 7 दिनो में । **संपर्क:- Mr. - NITIN SAVDEKAR (SR. AUDITOR) Behind- A/63 Karmchari nagar, सिकोलाभाठा दुर्ग मो.- 9409188678, 8319450882.** (आरो न.- 603)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**छोटा विज्ञापन**

हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD — 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply
SCHEME (Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50; Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.
ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com



## खबर संक्षेप

### शेयर मार्केट के नाम पर 24 लाख की ठगी, चार गिरफ्तार



**भिलाई।** शेयर मार्केट के नाम पर फर्जीवाडा करने वाला गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने मोबाइल, एटीएम, बैंक पासबुक, कार जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 42, 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। ट्रेनी आईपीएस चिराग जैन ने बताया कि क्वाटर 3 डी सड़क 72 सेक्टर 6 निवासी ईश्वर लाल वर्मा के मोबाइल वाट्सएप ग्रुप में शेयर ट्रेडिंग और आईपीओ की सदस्यता के लिए अधिक लाभ का लालच में फंसाकर 12 मई से 6 जून के मध्य आरोपियों ने 24 लाख 55 हजार रुपए की ठगी किया। शिकायत पुलिस में दर्ज करने के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए थाना प्रभारी विजय कुमार यादव और एसीसीयू प्रभारी तापेश्वर सिंह नेताम के नेतृत्व में टीम आरोपी की तलाश में जुटी रही।

### चाकू की नोक पर लूट करने वाले पांच गिरफ्तार, गए जेल

**जगदलपुर।** दशहरा देखने आए लोगों से चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले पांच आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूट की रकम, मोबाइल व हथियार बरामद किया गया। दशहरा देखने आए लोगों के साथ किसी तरह की वारदात न हो इसके लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

### गंगरेल में मिले अज्ञात शव की हुई पहचान, पहुंचे परिजन

**धमतरी।** गंगरेल के बाजार चौक के पास मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान हो गई। परिजनों की शिनाख्ति पश्चात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम गंगरेल के बाजार चौक के पास झाड़ियों में रविवार की शाम एक व्यक्ति मृत पाया गया था। सूचना पर रूद्री पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव की शिनाख्ति के लिए प्रयास किया, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज मर्चयूरी में सुरक्षित रखवा दिया।

**थाना में रिपोर्ट लिखने में की गई आनाकानी, अब पीड़िता को धमका रहे आरोपी के परिजन**

# एसपी से गुहार के बाद कोतवाली में दर्ज की गई अनाचार पीड़िता की रिपोर्ट, अब तक गिरफ्तारी इसलिए नहीं क्योंकि आरोपी पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अनाचार पीड़ित महिला कोतवाली थाना पहुंचती है और उसके आवेदन पर एफआईआर दर्ज करने की बजाय उसे इधर-उधर की बातें और परामर्श केंद्र की ओर टालते हुए अपराध दर्ज नही किया। ऐसा इसलिए क्योंकि आरोपी भी एक पुलिस कर्मी ही है। मामले में जब पीड़िता ने एसपी से शिकायत की तब एसपी के निर्देश पर एफआईआर तो दर्ज कर ली लेकिन, 15 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक आरोपी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी प्रेम नेताम (आरक्षक) के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत 26 सितंबर को अपराध दर्ज किया।

पीड़िता ने कोतवाली पुलिस के की गई शिकायत में बताया है कि वह ग्राम तरपोंगी थाना खल्लारी निवासी एवं कक्षा 12 वीं तक की पढ़ी लिखी और घरेलू कामकाजी है। उसकी मुलाकात करीब 06 माह पूर्व जिला पुलिस बल महासमुंद के आरक्षक प्रेम नेताम से सोशल मीडिया के माध्यम से हुई, प्रेम ने




मोबाईल नंबर मांगा और दोस्ती के चलते दोनों में बातचीत होती रही। पीड़िता अपने भाई, बहन और भतीजे-भतीजी के साथ 2018 से रह रही है। 17 मार्च को 10 बजे प्रेम नेताम का फोन आया और उसने मिलने की पेशकश की। आरोपी रायपुर पहुंचा और पीड़िता को राजिम ले जाकर शादी का प्रलोभन देते हुए शारीरिक संबंध बनाया। पश्चात लगातार शादी का प्रलोभन देकर अलग-अलग स्थान पर संबंध बनाए। 16 सितंबर को रात्रि 10:30 बजे झालखम्हरिया के जंगल में संबंध बनाया। बाद में प्रेम नेताम से शादी करने की बात कहने पर शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उसे कुछ दिन बात पता चला कि प्रेम शादीशुदा है और उसके बच्चे भी है। शादीशुदा होते हुए भी आरोपी ने पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा।

**जल्द होगी गिरफ्तारी: दुबे**

गिरफ्तारी के मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने कहा है कि आरोपी फरार हो गया है। गिरफ्तारी करने टीम लगातार मेहनत कर रही है। सीडीआर खंगाले जा रहे हैं, फरार हुए आरोपी को जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**गिरफ्तारी को लेकर हीला हवाला कर रही पुलिस**

आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पीड़िता ने कहा है कि पुलिस जानबूझकर पुलिसकर्मी होने के चलते आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही। पीड़िता का कहना है कि आम इंसान को मोबाईल नंबर या उनके रिश्तेदारों से अपने तरीके से पूछताछ कर पुलिस आरोपी तक पहुंच सकती है। लेकिन, पुलिस कर्मी होने के कारण गिरफ्तारी में हीला हवाला किया जा रहा है।

**अनाचार जैसे संगीन मामले में भी आरोपी को संरक्षण दे रहे अफसर**

आरोपी की ड्यूटी फिलहाल पुलिस लाईन में है। लेकिन, अफसरों को संबंधित पुलिस कर्मी के खिलाफ अपराध दर्ज होने के बावजूद निलंबन की कार्रवाई नहीं की गई है। मामले में तत्काल कार्रवाई करने में भी अफसर अपने विभागीय कर्मचारी को अप्रत्यक्ष रुप से अनाचार जैसे संगीन मामले में संरक्षण देने में जुटे हैं।

**उच्चाधिकारियों के निर्देश पर होगी आगे की कार्रवाई: कश्यप**

निलंबन की कार्रवाई को लेकर रक्षित निरीक्षक दीप्ति कश्यप ने कहा है कि आरोपी के खिलाफ किसी मामले में एफआईआर दर्ज होने की जानकारी मिली है। अपराध दर्ज होने के एक दिन पहले से वो ड्यूटी पर अनुपस्थित है इसलिए अब तक वह अनुपस्थित माना जा रहा है। निलंबन के संबंध में उच्चाधिकारियों के आदेश निर्देश के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**श्रृंगार लाड़ी में महाराजा के साथ नयाखानी में शामिल हुए सांसद व राजपरिवार के सदस्य**

# बाहररैनी रस्म देखने कुम्हडाकोट से सिंहड्यौड़ी तक उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर दशहरा की महत्वपूर्ण रस्म बाहररैनी रथ परिक्रमा से पूर्व माटी पुजारी महाराजा कमलचंद भंजदेव कुम्हड़ाकोट में नयाखानी रस्म में शामिल हुए। इस दौरान बस्तर सांसद व दशहरा समिति अध्यक्ष महेश कश्यप, राजगुरू नवीन ठाकुर कुमार जयदेव व माझीं चालकी मौजूद रहे। इस दौरान सभी नयाखाई में शामिल होकर नए चावल से बने अन्न खाकर अपनी सहभागिता निभाई।

सोमवार को कुम्हड़ाकोट में सुबह से ही बस्तर अंचल के अलावा ओडिशा व प्रदेश के अलग अलग क्षेत्रों के हजारों की संख्या में पुजारी देवी देवताओं के साथ एकत्रित होना शुरू हो गए थे। शाम को यहां होने वाले नयाखानी रस्म में शामिल होने माटी पुजारी कमलचंद भंजदेव सुसज्जीत वाहन में सवार होकर बाजे गाजे के साथ सेवादारों व माझी चालकियों के साथ कुम्हड़ाकोट पहुंचे। यहां बने श्रृगांरलाड़ी में नयाखाने से पूर्व माटी पुजारी अपनी कुल देवी को नया अन्न अर्पित किया। तत्पश्चात सभी ने नए चावल से बने अन्न को पत्ते से बने दोने में ग्रहण किया।

**नवाखानी की शर्त पर रथ ले जाने तैयार हो गए किलेपाल परगना के ग्रामीण**

75 दिनों तक चलने वाला बस्तर दशहरा पर्व की प्रमुख रस्म में बस्तर के विभिन्न समुदायों की सहभागिता से निभाया जाता रहा है। किलेपाल परगना के माड़िया जनजाति द्वारा रियासतकालीन परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष विजय रथ को चुराकर कुम्हड़ाकोट में रखा जाता है। रथ को खोजे जाने के बाद राजपरिवार पूरे लाव-लश्कर के साथ कुम्हड़ाकोट पहुंचते हैं। यहां राजपरिवार द्वारा रथ की वापसी के लिए मान-मनौव्वल किया जाता है। माड़िया समुदाय द्वारा इसके लिए साथ मिलकर नवाखाई की शर्त रखी जाती है, जिसे राजपरिवार द्वारा सहर्ष स्वीकार कर लिया जाता है।





**महाराजा के वाहन पर सवार हुए सांसद, नई परंपरा शुरू**

बस्तर दशहरा की अंतिम रस्म बाहर रैनी में बस्तर महाराजा राजमहल से निकलकर कुम्हड़ाकोट जाते हैं और वहां नवाखानी में बस्तरवासियों के साथ खीर खाते हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल होते हैं। सांसद, विधायक, मंत्री सभी वहां पहुंचते हैं। लेकिन इस बार सोमवार को बाहर रैनी के दिन राजमहल से महाराजा कमलचंद्र भंजदेव के साथ वाहन में सांसद महेश कश्यप भी सवार हुए। वे कुम्हड़ाकोट वाहन में ही गए और वहां से महाराजा के साथ वापस भी लौटे। बताया गया कि रियासतकालीन व्यवस्था में महाराजा के साथ वाहन में राजज्योतिषी, राजगुरू और सुकमा जमींदार परिवार के सदस्य ही सवार होते आ रहे हैं।

**रथ परिक्रमा को देखने हजारों लोग पहुंचे**

कुम्हड़ाकोट में चोरी कर ले जाए गए रथ को रात लगभग नौ बजे बाहररैनी रस्म के अनुसार वापस दंतेश्वरी मंदिर परिसर स्थित सिंहड्यौड़ी लाया गया। रथ परिक्रमा से पूर्व दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी छत्र के साथ विजय रथ में सवार हुए। वहीं माटी पुजारी व राजपरिवार के सदस्य रथ के सामने अपने सुसज्जित वाहन पर सवार होकर दंतेश्वरी मंदिर स्थित सिंहड्यौड़ी पहुंचे। बाहररैनी रथ परिक्रमा को देखने कुम्हड़ाकोट से सिंहड्यौड़ी तक लगभग 3 किमी मार्ग में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इसके अलावा इन मार्गों में निवासरत शहरवासियों के घरों की छतों पर भी सैकड़ों की संख्या में लोग रथ परिक्रमा को देखने घण्टों इंतजार करते देखे गए।

# नशे में धुत युवक के सिर पर बोल्डर पटक कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शराब पीकर गाली गलौज करने वाले युवक के सिर पर बोल्डर पटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि सिकोला भाठा मुखर्जी कालोनी दुर्ग निवासी योगेश सोना की हत्या की जानकारी रविवार की रात 2 बजे मोहन नगर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को मिली। घटना सिकोलाभाठा दुर्ग में होना पता चला, पुलिस मौके पर रवाना हुई। इस दौरान पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करना प्रतीत हुआ। शव को पुलिस ने पीएम के लिए मरचूरी भेजजकर परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस संदेही सिकोला भाठा दुर्ग निवासी रोहित कुमार ठाकुर को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक योगेश शराब का सेवन कर गाली गलौच कर रहा था। आरोपी रोहित के द्वारा समझाइश के बाद भी गाली गलौज बंद नहीं किया। आक्रोश में आकर रोहित ने योगेश के सिर पर सामने पड़े बोल्डर को सिर में वार कर हत्या करना स्वीकार किया है। मोहन नगर टीआई मोनिका पाण्डेय की टीम को हत्या की जानकारी मिलने के बाद तुरंत घटनास्थल रवाना हुई। उसके बाद आसपास के संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाई गई। जिसमें रोहित नामक युवक का नाम सामने आया है। पुलिस ने उसे तुरंत संदेह के आधार पर पकड़ा उसके बाद आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया।



**नशे की गिरफ्त में युवा**

जिले में लगातार नशे के खिलाफ पुलिस चला रही है लेकिन नशा बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। चाहे शराब, गांजा, गोली समेत कई प्रकार का नशा बाजार में बिकाऊ है। मगर नशेड़ी अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहें है। जिले में जितनी भी अब तक हत्या हुई है उसमें सबसे अधिक नशे के कारण ही होना सामने आ रहा है। रविवार रात योगेश सोना शराब के नशे में था और जबरन गाली गलौज कर रहा था। इस दौरान आक्रोश में आकर आरोपी ने सिर पर बोल्डर पटकर हत्या करना सामने आया। इस तरह के घटनाओं को रोकने में पुलिस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।

# शवयात्रा में शामिल लोगों पर मधुमक्खियों का हमला, 3 पुलिसकर्मी सहित 13 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

नगर में किशोर चंदेल की शवयात्रा में शामिल हुए लोगों पर मधुमक्खियां के झुंड ने धावा बोल दिया, जिससे तीन पुलिसकर्मी सहित 13 लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और सभी घायलों को अर्जुंदा नगर के शासकीय अस्पताल में ले जाया गया। जहां दस लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं, तीन अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है।

दरअसल रविवार को अर्जुंदा नगर के रहने वाले 65 वर्षीय किशोर चंदेल की मौत हो गई। मृतक किशोर का बेटा प्रवीण चंदेल डॉक्टर के साथ मारपीट के मामले में जेल में था। जिसे पिता के अंतिम संस्कार करने के लिए न्यायालय से अनुमति मिली। अनुमति मिलने के बाद प्रवीण चंदेल तीन पुलिस कर्मियों के साथ अपने घर पहुंच कर अपने पिता की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। इसके बाद अन्य रिश्तेदारों और सगे संबंधियों के साथ मृतक किशोर चंदेल की अंतिम यात्रा निकाली गई। अंतिम यात्रा जैसे ही मुक्तिधाम पहुंचने वाली थी, उससे कुछ ही दूर पहले अचानक मधुमक्खियो का झुंड आ धमका और शव यात्रा में शामिल लोगों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले में मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सभी लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर–उधर भागने लगे।

- अर्जुंदा नगर के शासकीय अस्पताल में किया गया घायलों का उपचार

घटना में विचारधीन कैदी प्रवीण चंदेल, मुकेश गलबीर, एसपी खान, योगेश्वर, एके चंदेल, पंकज, आशिफ, रितेश, तुलेश्वर, रोमन, राकेश, दानेद्र, प्रहलाद घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अर्जुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। 10 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य होने के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं, खबर लिखे जाने तक तीन लोगों का इलाज जारी था।



**पुलिस की निगरानी में पहुंचा प्रवीण, पिता किशोर का किया अंतिम संस्कार**

आरोपी के शरीर पर चोट के निशान देख पिता की तबियत बिगड़ने और उसकी मौत होने के बाद परिजनों द्वारा अर्जुन्दा थाना में काफी देर तक हंगामा किया गया, तो वहीं सोमवार को मृतक 65 वर्षीय किशोर सिंह चंदेल की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए जेल में बंद उसके बेटे आरोपी प्रवीण चंदेल को अनुमति दी गई। सोमवार को प्रवीण चंदेल ने अपने पिता का अंतिम संस्कार किया। वहीं, अंत्येष्टि के बाद शाम को उसे फिर जेल दाखिल किया गया। इससे पहले परिजनों द्वारा रविवार को अर्जुन्दा थाना में मृतक किशोर के शव को लेकर हंगामा करने के बाद एसपी ने अर्जुन्दा थाना में पदस्थ एएसआई विश्वजीत मेश्राम, कांस्टेबल वीरेंद्र साहू और पुरानिक साहू को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं, इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच करने टीम गठित की गई है। टीम को सात दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट देने को कहा गया है। पूरा मामला 15 सितंबर को डॉक्टर के साथ हुए मारपीट से जुड़ा हुआ है। डॉक्टर के साथ कथित रूप से जिन तीन लोगों ने मारपीट की है, उनमें से एक प्रवीण चंदेल का भी नाम है। तीनों आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद उनके साथ पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट करने का आरोप लगा था। आरोपियों में शामिल प्रवीण चंदेल के शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी मिले थे, जिन्हें देखकर उनके पिता सदमे में थे और अस्पताल में करीब 25 दिनों तक इलाज के बाद उनकी मौत हो गई।



# दो बाइक की टक्कर, में एक चालक की हुई मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत भूरके नदी पुलिया के पास बाईक चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से आ रही अन्य बाईक को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाईक में सवार चालक को गंभीर चोट आने के कारण मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 2 सितंबर को शाम 4 बजें भूरके नदी पुलिया के पास पक्की सड़क में जेठूराम पुंगाटी अपने मोटर सायकल से भुरके से कोड़ेकुर्से की ओर से आ रहा था। उसी समय विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 08 एव्ही 6701 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर जेठूराम के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर जेठूराम को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे जेठूराम पुंगाटी की मौत हो गई।

# चाबी से फॉरेस्टकर्मी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

गाली-गलौज करने से मना करने पर मोहल्ले के युवक ने स्कूटी की नुकीली चाबी से फॉरेस्टकर्मी की हत्या कर दी। कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार स्थानीय बठेनापारा निवासी चेतन यादव रविवार की शाम मोहल्ले में स्थित सिन्हा किराना दुकान के पास गाली-गलौज कर रहा था। इसी दौरान जेल रोड बठेनापारा निवासी भरत सिन्हा पिता हरिराम उम्र 46 वर्ष ने घर से बाहर निकल चेतन को गाली-गलौज करने से मना किया। इतने में चेतन तैश में आकर अपनी मुट्ठी में स्कूटी की नुकीली चाबी को फंसाकर भरत के सीने में घोंप दिया। इस हमले में भरत मौके पर ही गिर गया। उसे उपचार के लिए तत्काल मसीही अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद भरत को मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल घटना स्थली पहुंची और आरोपी चेतन यादव पिता रहिपाल उम्र 19 वर्ष बठेनापारा निवासी को हिरासत में ले लिया। वहीं रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान व अभिषेक सोनकर ने शव को मसीही अस्तपाल से जिला अस्पताल के मर्च्यूरी में शिफ्ट किया। पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। कोतवाली में धारा 103/1 हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी चेतन यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। बताया गया है कि मृतक वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में कार्यरत था।





**लोगों को झांसा दे रहे चिटफंड कंपनियों के एजेंट**

# करोड़ों डूबे, फिर भी लोगों का मोह कम नहीं हुआ चिटफंड कंपनियों से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगांव

चिटफंड कंपनियों में अरबों रूपए डूबने के बाद भी लोग अब भी निवेश करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं सरकार भी लगातार घोटाले सामने आने के बाद भी अंकुश लगा रही है। कमीशन के चक्कर में बेरोजगारों के अलावा निजी बैंक के कर्मचारी भी कथित कंपनियों से अधिक लाभ होने का झांसा देकर लोगों की रकम जमा करवा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक ऐप के माध्यम से राशि जमा करने पर सीमित अवधि में दो गुना मिलने का दावा करते हुए रकम जमा कराने के बाद धोखाधड़ी करने का मामला पुलिस तक पहुंचा था। जमाकर्ताओं ने शिकायत में बताया था कि स्थानीय एजेंट ने कम समय ज्यादा कमाई का लालच देकर रकम जमा करवाया था। कुछ दिनों बाद ज़ब रकम आना बंद हुआ तब लोगों को धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ।

**30 हजार गंवा चुके रकम**

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने 2018 के चुनाव घोषणा पत्र में चिटफंड कम्पनियों में डूबी राशि वापस दिलाने का वादा किया था। भूपेश बघेल सरकार ने रकम वापस दिलाने के लिए निवेशकों से आवेदन मंगवाया था। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के 1851 और ब्लाक की विभिन्न पंचायतों के करीब 28 हजार निवेशकों ने दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा किया है।



**नहीं चेत रहे लोग, लुभा रहे एजेंट**


चिटफंड कंपनियों में रकम के डूबने के लगातार मामले सामने आने के बाद भी लोग रकम जमा करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। वहीं लोगों की गाढ़ी कमाई डूबने के बाद अपनी कमाई को देखते हुए एजेंट लोगों को झांसा देकर निवेश करा रहे है। बताया जाता है कि इन कंपनियों द्वारा एजेंटों को अच्छा खासा कमीशन दिया जाता है जिसके चलते इस फील्ड में सक्रिय देखते ही देखते ही बंगला, कार आदि के मालिक बन गए हैं। जानकारी के अनुसार इस फील्ड में निजी बैंको के कर्मचारी भी आ गए है जो लोगों को तगड़ी कमाई होने का झांसा देकर शेयर सहित चिटफंड कम्पनियों में राशि जमा करा रहे हैं।

**चार करोड़ डूबे**

जानकारी के अनुसार चिटफंड कम्पनियो में जमा राशि की वापसी के लिए नगर पंचायत क्षेत्र के 1851 लोगों ने आवेदन किया है। राशि के लिहाज से इन चिटफंड कंपनियों में करीब चार करोड़ डूबे थे। जानकारी के अनुसार सन शाइन इंफ्राबिल्ड लिमिटेड के 320 ने 55 लाख 3 हजार 791, एचबीएन एंड एलाइड लिमिटेड के 602 ने एक करोड़ 51 लाख 84 हजार 611, पीसीएल इंडिया लिमिटेड के 37 ने 3 लाख 8 हजार 702, सांई प्रकाश- सांई प्रसाद के 182 ने 52 लाख 31 हजार 865, सुविधा फार्मिंग एंड एलाइड लिमिटेड के 78 ने 33 लाख 68 हजार 860, आस्था ब्रीडिंग फार्म के 7 ने 24 हजार, आरोग्य धन वर्षा डेवलपर्स एंड एलाइड लिमिटेड के 19 ने 2 लाख 11 हजार 31, अनमोल इंडिया एग्रो हर्बल फार्मिंग के 273 ने 12 लाख 26 हजार 344, पन्ना क्रेडिट एंड थ्रिस्ट मल्टी स्टेट कारपोरेशन के 22 ने 44 हजार, शुभ सांई देवकान इंडिया लिमिटेड के 40 ने 5 लाख 51 हजार, बीएनपी- बीपीएन के 82 ने 15 लाख 89 हजार 810 एवं विविध कम्पनियों के 189 ने 57 लाख 17 हजार 17 रुपए वापसी के लिए आवेदन किया था।

## खबर संक्षेप

### एचसीएलटेक का लाभ दूसरी तिमाही में 10.51 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी जुलाई-सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 10.51 प्रतिशत बढ़कर 4,235 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 3,832 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### विप्रो का नजीजे से पहले बोनस शेयर पर विचार




**नई दिल्ली।** आईटी कंपनी विप्रो ने कहा कि उसका निदेशक मंडल 16-17 अक्टूबर, 2024 को होने वाली बैठक में बोनस शेयर जारी करने पर विचार करेगा। 2024 को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करने वाली है। 16-17 अक्टूबर, 2024 को होने वाली अपनी बैठक में बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव पर विचार करेगा।

### आलोक इंडस्ट्रीज का घाटा बढ़कर 262 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** कपड़ा विनिर्माता कंपनी आलोक इंडस्ट्रीज का सितंबर में समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 262.10 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक साल पहले जुलाई-सितंबर की अवधि में 174.83 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया था। कंपनी की आय 35.46 प्रतिशत घटकर 885.66 करोड़ रुपये रह गई।

### अदाणी एनर्जी का केन्या में बिजली पारेषण के लिए करार




**नैरोबी।** भारतीय अरबपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह ने केन्या में 30 वर्षों के लिए प्रमुख बिजली पारेषण लाइनों के निर्माण और संचालन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने केन्या इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (केट्राको) के साथ एक परियोजना समझौते पर हस्ताक्षर किए।

# रतन टाटा जैसा कोई नहीं था : एन चंद्रशेखरन का 'लिंक्डइन' पर पोस्ट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- जो कोई भी टाटा से मिला, वह उनकी मानवता की कहानी लेकर गया

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को कहा कि दिवंगत रतन टाटा ने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि टाटा समूह की कंपनियों में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवारों की भलाई का भी ध्यान रखा जाए, जिससे समूह में कई नेता तैयार हुए।

चेयरमैन ने कहा कि वास्तव में उनके जैसा कोई नहीं था। पेशेवरों के नेटवर्किंग मंच 'लिंक्डइन' पर एक पोस्ट में टाटा (86) के साथ अपने जुड़ाव को याद करते हुए उन्होंने लिखा, "जो कोई भी टाटा से मिला, वह उनकी मानवता, गर्मजोशी और भारत के लिए सपनों की कहानी लेकर गया। वास्तव में उनके जैसा कोई नहीं था।"

## टाटा ने कर्मियों के साथ उनके परिवार की भलाई पर ध्यान रखा

### समाधान खोजने में देरी पर जताया खेद

चंद्रशेखरन ने लिखा, "मार्च 2017 में टाटा और मैंने यूनियन नेताओं से एक साथ मुलाकात की। बैठक के दौरान, टाटा ने तीन संदेश दिए। उन्होंने समाधान खोजने में देरी के लिए खेद व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कंपनी मुश्किलों से गुजर रही है। और हम दोनों ने प्रतिबद्धता जताई कि इस विवाद को एक पखवाड़े के भीतर सुलझा लिया जाएगा।



### टाटा से रिश्ता पहले कारोबार पर केंद्रित था

चंद्रशेखरन ने (दिवंगत) साइरस मिस्त्री को हटाए जाने के बाद 2017 में टाटा संस के चेयरमैन का पद संभाला था। उन्होंने कहा कि दिवंगत टाटा के साथ उनका रिश्ता 'वर्षों में प्रगाढ़ हुआ, पहले यह कारोबार पर केंद्रित था और अंततः अधिक व्यक्तिगत संबंध में विकसित हुआ।'

### रोजमर्रा की जिंदगी महसूस की

संस के चेयरमैन ने याद करते हुए कहा, "हमने कारों से लेकर होटलों तक की रुचियों पर चर्चा की, लेकिन जब हमारी बातचीत दूसरे मामलों पर चली गई - रोज़मर्रा की ज़िंदगी की - तो उन्होंने दिखाया कि उन्होंने कितना कुछ देखा और महसूस किया। वह एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें समय के साथ और अनुभव के माध्यम से खोजा जाना था।"

### कल्याण पर दिए गए जोर को किया याद

समूह के दिवंगत मानद चेयरमैन द्वारा कर्मचारी कल्याण पर दिए गए जोर को याद करते हुए चंद्रशेखरन ने लिखा, "चेयरमैन बनने के तुरंत बाद, मुझे टाटा मोटर्स के भीतर एक ऐसी स्थिति से परिचित कराया गया, जिसमें कंपनी और कर्मचारी संघ के बीच दो वर्षों से वेतन को लेकर विवाद चल रहा था।

## अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 जारी की

# आरबीआई का सीमा पार धन प्रेषण की लागत और समय कम करने पर जोर

- आरबीआई गवर्नर दास ने समय व लागत कम करने की वकालत की
- विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए इसे महत्वपूर्ण बताया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को विदेश भेजे जाने वाले धन में लगने वाले समय और लागत को कम करने की वकालत की, जो भारत सहित विभिन्न विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) द्वारा जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पिछले वर्ष भारत का धन प्रेषण अन्य सभी देशों से आगे बढ़कर 111 अरब डॉलर हो गया। बैंक ऑफ इंग्लैंड के अनुमान के अनुसार, वैश्विक सीमा पार भुगतान का मूल्य 2027 तक 250 लाख करोड़ डॉलर से अधिक होने का अनुमान है।

### ई-कॉमर्स का महत्व बढ़ा

दास ने कहा कि सीमा पार श्रमिकों द्वारा भेजे जाने वाले धन की महत्वपूर्ण मात्रा, पूंजी के सकल प्रवाह का बढ़ता आकार और सीमा पार ई-कॉमर्स के बढ़ते महत्व ने इस वृद्धि में उत्प्रेरक का काम किया है।

### एआई के दुरुपयोग पर चिंता जताई

दास ने कहा कि मानकों और अंतर-संचालन का सामंजस्य सीबीडीसी के लिए सीमा-पार भुगतान और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गंभीर वित्तीय स्थिरता चिंताओं को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। आरबीआई गवर्नर ने बैंकिंग क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) के दुरुपयोग पर भी चिंता जताई और कहा कि इससे साइबर हमले और डेटा उल्लंघन की घटनाएं बढ़ सकती हैं।



### बैंकों को एआई का लाभ उठाना चाहिए

आरबीआई गवर्नर ने कहा, 'बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इन सभी जोखिमों के खिलाफ पर्याप्त जोखिम शमन उपाय करने चाहिए। अंतिम विश्लेषण में, बैंकों को एआई और बिगटेक के लाभों का लाभ उठाना चाहिए।'

### पी2पी भुगतान की संभावनाएं तलाशी जाए

दास ने 'सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स' विषय पर आयोजित सम्मेलन में अपने संबोधन में कहा, "भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण शुरुआती बिंदु है। हमारा मानना है कि ऐसे धन प्रेषणों की लागत और समय को महत्वपूर्ण रूप से कम करने की अपार संभावनाएं हैं।"

### आरटीजीएस का विस्तार किया जा सकता है

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि इसके अलावा डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से तलाशी जा सकती है।

*द्विपक्षीय संपर्क का विस्तार : दास ने कहा कि भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के संपर्क का विस्तार करने के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं।*

- भारत का धन प्रेषण अन्य देशों से बढ़कर 111 अरब डॉलर हो गया

### प्रोजेक्ट नेक्सस शामिल


इनमें 'प्रोजेक्ट नेक्सस' भी शामिल है, जो चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत की घरेलू त्वरित भुगतान प्रणालियों (आईपीएस) को आपस में जोड़कर त्वरित सीमा पार खुदरा भुगतान को सक्षम करने के लिए एक बहुपक्षीय अंतरराष्ट्रीय पहल है।

### सीबीडीसी में सीमा-पार भुगतान की सुविधा

द्विपक्षीय व्यवस्था के तहत भारत द्वारा सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मॉरीशस, श्रीलंका, नेपाल आदि के साथ सीमा पार भुगतान संपर्क पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एक और क्षेत्र है जिसमें कुशल सीमा-पार भुगतान की सुविधा प्रदान करने की क्षमता है।

# महंगी सब्जियों के चलते 9 महीने के उच्च स्तरों पर आ गई महंगाई

- सितंबर में 5.49 फीसदी रही खुदरा महंगाई दर
- खुदरा महंगाई दर आरबीआई के टोलरेंस बैंड 4 फीसदी के पार जा पहुंची



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर की आशंका सच साबित हुई है। सब्जियों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के चलते खुदरा महंगाई दर में तेज उछाल देखने को मिला है। सितंबर 2024 के लिए जारी कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के मुताबिक सितंबर 2024 में खुदरा महंगाई दर 5 फीसदी को भी पार करते हुए 5.49 फीसदी पर जा पहुंची है जो अगस्त 2024 में 3.65 फीसदी रही थी। जुलाई 2024 में खुदरा महंगाई दर 3.54 फीसदी थी। खुदरा महंगाई दर आरबीआई के टोलरेंस बैंड 4 फीसदी के पार जा पहुंची है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सितंबर 2024 के लिए खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं उसके मुताबिक सितंबर 2024 में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स 5.49 फीसदी पर जा पहुंची है। ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 5.87 फीसदी और शहरी इलाकों में 5.05 फीसदी रही है। मंत्रालय ने बताया कि खुदरा महंगाई दर में ये तेज उछाल, हाई बेस इफेक्ट और मौसम के चलते हुआ है।

### सितंबर में खाद्य महंगाई पर में बढ़ोतरी

सितंबर 2024 में खाद्य महंगाई दर में भी भारी बढ़ोतरी आई है और ये 9.24 फीसदी पर जा पहुंची है। ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई दर 9.08 फीसदी तो शहरी इलाकों में 9.56 फीसदी रही है। अगस्त 2024 में खाद्य महंगाई दर 5.66 फीसदी रही थी। इससे पहले आज वाणिज्य मंत्रालय ने जो होलसेल महंगाई के डेटा जारी किए उसके मुताबिक थोक महंगाई दर में भी उछाल देखने को मिला है।

### सब्जियों की कीमतों ने बढ़ाई महंगाई

सांख्यिकी मंत्रालय ने खुदरा महंगाई दर का जो आंकड़ा जारी किया है उसके मुताबिक सितंबर महीने में सब्जियों की महंगाई दर में भारी बढ़ोतरी आई है। सितंबर में सब्जियों की महंगाई दर 35.99 फीसदी रही है जो अगस्त में 10.71 फीसदी रही थी।

# आईटी, बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 592 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸| मुंबई



वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और बैंक शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स में सोमवार को करीब 592 अंक की तेजी आई। एनएसई निफ्टी भी बढ़त के साथ 25,000 अंक के पार निकल गया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 591.69 अंक यानी 0.73 प्रतिशत उछलकर 81,973.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 690.81 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 163.70 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,127.95 अंक पर बंद हुआ।

# रिलायंस को दूसरी तिमाही में 16563 करोड़ रुपए का मुनाफा

- सालाना आधार पर 4.77 प्रतिशत की कमी दर्ज

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। इसमें कंपनी को 16,563 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 4.77 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। एक साल पहले की इसी तिमाही में कंपनी का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 17,394 करोड़ रुपए रहा था। मुख्य रूप से तेल रिफाइनरी और पेट्रोरसायन कारोबार के कमजोर प्रदर्शन से कंपनी का मुनाफा घटा है। कंपनी ने बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 16,563 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 17,394 करोड़ रुपए था। रिलायंस के खुदरा कारोबार और दूरसंचार इकाइयों का प्रदर्शन ठीक-ठाक रहा लेकिन वैश्विक स्तर पर अधिक आपूर्ति के कारण रिफाइनरी और पेट्रोरसायन कारोबार में मार्जिन प्रभावित हुआ है।

*जियो शुद्ध लाभ 23.4 प्रतिशत बढ़ा: जियो प्लेटफॉर्म्स का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 23.4 प्रतिशत बढ़कर 6,539 करोड़ रुपए रहा है। कंपनी ने बताया कि इस दौरान प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) बढ़कर 195.1 रुपए प्रति माह हो गया। जियो प्लेटफॉर्म्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज का दूरसंचार और डिजिटल कारोबार शामिल है। कंपनी की परिचालन आय सितंबर तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 31,709 करोड़ रुपए हो गया।*

# चीन से पॉकेट लाइटर के पुर्जों पर आयात प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** सरकार ने रविवार को पॉकेट लाइटर के पुर्जों पर आयात प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लगा दिया। यह कदम घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और चीन से आने वाली खेप पर निर्भरता कम करने में मदद करेगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, 'पॉकेट लाइटर, गैस से चलने वाले लाइटर, रिफिल न किए जाने वाले या रिफिल किए जाने वाले लाइटर (सिगरेट लाइटर) के पुर्जों का आयात तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित है। सरकार 20 रुपये से कम कीमत वाले सिगरेट लाइटर के आयात पर पहले ही प्रतिबंध लगा चुकी है। सरकार ने घटिया सामान के आयात को रोकने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए पिछले साल आग पैदा करने वाले लाइटर के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानक जारी किए थे।


## बिजनेस साइट

# सा.बा. इंफ्रावेंचर्स के प्रोजेक्ट एस.बी सेंट्रम में एक्सक्लूसिव बंगले और प्लॉट्स

**रायपुर।** रायपुर और भिलाई के मध्य चरोदा-कुम्हारी स्थित साईं धाम के नजदीक एस.बी सेंट्रम का निर्माण विश्व स्तरीय मानक को ध्यान में रखकर किया गया है।

जहां न केवल विश्वस्तरीय कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है बल्कि विश्वस्तरीय बंगले का भी निर्माण किया जा रहा है। आधुनिक जीवन शैली के अनुरूप और सभी मॉडर्न एमिनिटीज को ध्यान में रखते हुए सुसज्जित डेमो हाउस तैयार किया जा चुका है। जिसके तहत इलेक्ट्रिसिटी, सीवरेज एवं स्ट्रोम वाटर का काम अंडरग्राउंड किया गया है। इसके साथ ही क्लब हाउस, टेनिस कोर्ट, स्विमिंग पूल और मंदिर का निर्माण भी जारी है, जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कॉलोनी के सुरक्षा के लिए 24/7 सर्विलेंस कैमरा को भी लगाया गया है। एसबी सेंट्रम औद्योगिक नगरी भिलाई और राजधानी रायपुर को जोड़ने वाली कड़ी बनने जा रही है, जहां आप विजिट कर अपने सपनो के बंगले और प्लॉट्स की बुकिंग करा सकते हैं। बुकिंग पर क्लब हाउस की लाइफटाइम मेंबरशिप फ्री मिलेगी।



### कॉलोनी नई जीवन शैली का अनुभव देगी

सा.बा. इंफ्रावेंचर्स के डायरेक्टर संजय बघेल और संजना बघेल के अनुसार यह कॉलोनी उनके आधुनिक सोच का मिश्रण है। यह परियोजना क्षेत्र के निवासियों के लिए एक नई जीवनशैली का अनुभव प्रदान करेगी, जो आधुनिकता और सुरक्षा दोनों का समन्वय करेगी।

### आईएफसी का क्लाइमेट लोन देने एक्सिस बैंक से करार

**रायपुर।** विश्व बैंक समूह का सदस्य और सबसे बड़ा वैश्विक विकास संस्थान, द इंटरनेशनल फाइनेंस कारपोरेशन (आईएफसी), भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी कर रहा है, ताकि भारत में हरित परियोजनाओं के वित्तपोषण को बढ़ाने और ब्लू फाइनेंस मार्केट विकसित करने में मदद करने के लिए 500 मिलियन डॉलर का लोन दिया जा सके। यह भारत में आईएफसी का पहला ब्लू निवेश है और देश में किसी वित्तीय संस्थान द्वारा किया गया पहला ब्लू ट्रांजैक्शन है। ब्लू लोन वित्तपोषण साधन हैं, जो जल और अपशिष्ट जल प्रबंधन, समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण में कमी, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली, टिकाऊ शिपिंग, पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन और अपतटीय नवीकरणीय ऊर्जा जैसे निवेशों के लिए धन जुटाते हैं।


# यात्री वाहनों की बिक्री 3 से 5% बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- सियाम ने चालू वित्त वर्ष के लिए जारी किया अनुमान
- उद्योग को त्योहारी अवधि में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद

घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में चालू वित्त वर्ष (2024-25) में तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वाहन उद्योग के संगठन सियाम ने सोमवार को कहा कि उद्योग को पहली छमाही में स्थिर रहने के बाद त्योहारी अवधि में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में, सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने चालू वित्त वर्ष में यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री में पांच से आठ प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि के लिए, यात्री वाहनों की बिक्री 20,81,143 इकाई रही, जो 2023-24 की इसी अवधि में 20,70,960 इकाइयों से मामूली वृद्धि है। उद्योग को अप्रैल-सितंबर की अवधि में वृद्धि की उम्मीद थी।

उन्होंने कहा, "यह थोड़ा आश्चर्यजनक था, खासकर मई और जून का महीना, जो हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। मैं कहूंगा कि अप्रैल अब भी अच्छा था... और फिर हमने मई और जून में नरमी देखी, जिसका हमपर बुरा असर पड़ा।

## भारत के कोयला आयात में 11 फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान भारत का कोयला आयात 11.4 प्रतिशत बढ़कर 12.11 करोड़ टन हो गया। देश ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 10.87 करोड़ टन कोयले का आयात किया था। ई-कॉमर्स मंच 'एमजंक्शन' के आंकड़ों के मुताबिक, "अप्रैल-अगस्त, 2024 के दौरान कुल कोयला और कोक आयात 12.11 करोड़ टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान आयात किए गए 10.87 करोड़ टन से लगभग 11.4 प्रतिशत अधिक है। अगस्त में कोयले का आयात एक साल पहले के 1.96 करोड़ टन से 5.4 प्रतिशत बढ़कर 2.07 करोड़ टन हो गया। अगस्त, 2024 में कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयले का आयात सालाना आधार पर 1.18 करोड़ टन से बढ़कर 1.30 करोड़ टन रहा। कोकिंग कोयले का आयात 46.2 लाख टन से घटकर 45.3 लाख टन रह गया।

## जीजेईपीसी ने सरकार से कड़े नियम बनाने किया आग्रह

# हीरा प्राकृतिक या प्रयोगशाला में बना यह बताना व्यापारियों के लिए अनिवार्य हो

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- व्यापारियों को बेचते समय स्पष्ट रूप से बताना होगा

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने सरकार से कड़े नियम बनाने का आग्रह किया है, जिसमें व्यापारियों को विपणन करते समय यह स्पष्ट रूप से बताना अनिवार्य किया जाए कि हीरा प्राकृतिक है या प्रयोगशाला में तैयार किया गया है, ताकि किसी तरह की अस्पष्ट स्थिति से बचा जा सके।

उपभोक्ता मामलों के विभाग को भेजे गए पत्र में परिषद ने कहा है कि पारदर्शिता सुनिश्चित करना और स्पष्ट एवं मानकीकृत दिशानिर्देशों को लागू करना उपभोक्ताओं की सुरक्षा और घरेलू उद्योग की अखंडता को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

### रूस-यूक्रेन युद्ध से हीरा उद्योग संकट में

ये दिशानिर्देश स्पष्ट रूप से परिभाषित, मानकीकृत नामकरण करते हैं और प्राकृतिक और प्रयोगशाला में तैयार किये गए दोनों हीरों के लिए अनिवार्य खुलासा जरूरतों को जरूरी बनाते हैं।" हीरा उद्योग पहले से ही रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण समस्याओं का सामना कर रहा है, क्योंकि इसने वैश्विक हीरा आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर दिया है।



### कच्चे हीरों का रूस प्रमुख उत्पादक

रूस पर प्रतिबंधों के साथ, जो एक प्रमुख कच्चा हीरा उत्पादक है, व्यापार को और अधिक जटिल बना रहा है और इससे वैश्विक हीरा व्यापार प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ता का झुकाव प्रयोगशाला में तैयार किये गए हीरों की ओर मुड़ने से प्राकृतिक हीरों की मांग प्रभावित हो रही है।

### शब्दावली का दुरुपयोग हो रहा

बताया गया कि भारत में प्रयोगशाला में तैयार किए गए हीरों के विपणन और विज्ञापन में शब्दावली का व्यापक दुरुपयोग हो रहा है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को हल करने के लिए परिषद ने अमेरिका के संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) दिशानिर्देशों को अपनाने का पक्ष लेने का निर्णय लिया है।

### शब्दावली पर बैठक बुलाने का अनुरोध

परिषद द्वारा विभाग को लिखे गए पत्र में कहा गया है, "हीरे की शब्दावली पर मानकीकृत दिशानिर्देशों की अनुपस्थिति अस्पष्टता की ओर ले जाती है। परिषद ने इस मुद्दे पर एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया है।

*अंतर करने कड़े नियम होने चाहिए*

*उद्योग के एक अधिकारी ने कहा कि व्यापारियों को हीरे बेचते समय स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि वे प्राकृतिक हैं या प्रयोगशाला में तैयार किये गए हैं। परिषद के अनुसार, उपभोक्ता संरक्षण कानून में इन दो हीरों के बीच अंतर करने के बारे में कड़े नियम होने चाहिए।*

# जितना अधिक जोखिम, उतना फायदा, बल्लेबाजों पर नहीं लगाएंगे लगाम : गंभीर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

## मुख्य कोच ने भारतीय टीम का स्पष्ट किया रुख

बेंगलुरु। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को यह स्पष्ट किया कि वह टेस्ट क्रिकेट में अपने बल्लेबाजों पर लगाम नहीं लगाएंगे क्योंकि जितना अधिक जोखिम लिया जाएगा उतना ही फायदा भी होगा। भारत ने हाल में बारिश से प्रभावित कानपुर टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ इसी तरह का रवैया अपनाया था। इस मैच में बारिश के कारण दो दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी लेकिन भारत ने आखिर में सात विकेट से जीत दर्ज की थी।

### जोखिमभरी क्रिकेट खेलेगा भारत

गंभीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला से पूर्व संवाददाताओं से कहा, 'हमें उन पर लगाम लगाने की क्या जरूरत है। अगर वह नैसर्गिक क्रिकेट खेल सकते हैं, अगर वह एक दिन में 400 से 500 रन बना सकते हैं तो इसमें क्या गलत है। हम 'जितना अधिक जोखिम उतना फायदा, जितना जोखिम उतनी असफलता की संभावना' का रवैया जारी रखेंगे। कोई ऐसा दिन भी होगा जब हमारी टीम 100 रन पर आउट हो जाए लेकिन हमें इसे स्वीकार करना होगा। हम अपने खिलाड़ियों का जोखिम से भरी क्रिकेट खेलने के लिए समर्थन जारी रखेंगे। हम इसी तरह से आगे बढ़ना चाहते हैं तथा कैसी भी परिस्थिति हो परिणाम हासिल करना चाहते हैं।'




### कोहली में है रनों की भूख



गंभीर ने यहां पत्रकारों से कहा, 'विराट को लेकर मेरी सोच एकदम स्पष्ट है कि वह विश्व स्तरीय क्रिकेटर है। उसने इतने साल से इतना अच्छा प्रदर्शन किया है। रनों को लेकर उसकी भूख वैसी ही है जैसी पदार्पण के समय थी। यही भूख उसे विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है। मुझे यकीन है कि वह इस श्रृंखला और आस्ट्रेलिया में भी रन बनाएगा।' गंभीर ने कहा कि किसी खिलाड़ी का आकलन एक खराब मैच या श्रृंखला के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए।

### ग्रीन भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से हटे

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को रीढ़ की हड्डी में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह 25 वर्षीय खिलाड़ी अपनी पीठ का ऑपरेशन करवाएगा जिससे उबरने में उन्हें छह महीने का समय लग जाएगा। पिछले महीने ब्रिटेन का दौरे में उन्हें इसका पता चला। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, 'तेज गेंदबाजों की रीढ़ की हड्डी में स्ट्रेस फ्रैक्चर होना आम बात है लेकिन कैमरन के फ्रैक्चर के पास वाले भाग में कुछ दिक्कत है जिसे चोट का कारण माना जा सकता है। ग्रीन का छह महीने तक बाहर रहने का मतलब है कि वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी ही नहीं, फरवरी में श्रीलंका के दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाएंगे। उनका इंडियन प्रीमियर लीग में खेलना भी संदिग्ध है।

### चौथे नंबर पर लौटेंगे स्मिथ




मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के इस साल संन्यास लेने के बाद से स्मिथ स्वेच्छा से पारी का आगाज कर रहे थे। उन्होंने नई भूमिका में दूसरे ही टेस्ट में नाबाद 91 रन बनाए लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने चार पारियों में कुल 51 रन ही बनाए।

## खबर संक्षेप



### स्टोक्स की दूसरे टेस्ट मैच में होगी वापसी

**मुल्तान।** पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में मंगलवार से यहां खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की अंतिम एकादश में वापसी हुई है। स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण अगस्त से टीम से बाहर थे। इस श्रृंखला के पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को एक पारी और 47 रनों से हराया था। इंग्लैंड की एकादश में गस एटकिंसन की जगह तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया गया है। स्टोक्स ने तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह ली है।

### कमिंस को ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम की कमान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में



फिर से अपने देश की अगुवाई करेंगे। पिछले साल नवंबर में भारत में विश्व कप जीतने के बाद यह पहला अवसर होगा जबकि कमिंस वनडे टीम की कमान संभालेंगे। टीम : पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, कूपर कोनोली, जेक फ्रेजर मैकगर्क, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम ज़म्पा।

### दिल्ली हाफ मैराथन में प्रतिस्पर्धा की उम्मीद

**नई दिल्ली।** इथोपिया के दो बार के 5000 मीटर के विश्व चैंपियन



मुक्तार इदरिस के यहां 20 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष एलीट वर्ग में युगांडा के 10,000 मीटर के ओलंपिक चैंपियन जोशुआ चेपटेगई को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद है। पेरिस ओलंपिक में 10 हजार मीटर का खिताब जीतने वाले 28 साल के चेपटेगई दिल्ली हाफ मैराथन में पदार्पण करेंगे। वह 10 हजार मीटर में तीन बार के विश्व चैंपियन हैं और हाफ मैराथन में उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 59 मिनट 21 सेकेंड है।

### स्वप्निल कुसाले महाराष्ट्र सरकार से सम्मानित

**मुंबई।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले को सोमवार को महाराष्ट्र



सरकार ने दो करोड़ रुपए का चेक देकर सम्मानित किया। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार ने मुंबई में एक कार्यक्रम में कुसाले और अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कुसाले ने पेरिस ओलंपिक की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की गोला फेंक एफ46 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर रजत पदक जीतने वाले एथलीट सचिन सरजेराव खिलारी को इस अवसर पर तीन करोड़ रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया।

**भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच कल सुबह 9.30 बजे से**

# तेज गेंदबाजों का दिखेगा तूफान बुमराह ने किया जमकर अभ्यास

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु




पिच पर घास की मौजूदगी और मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नेट पर जमकर अभ्यास, बुधवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां होने वाले पहले टेस्ट मैच में भारत के तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरने के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तेज गेंदबाजों को गेंदबाजी का बड़ा जिम्मा उठाना होगा और इसे ध्यान में रखते हुए भारत बांग्लादेश के खिलाफ हाल की घरेलू श्रृंखला के बाद से अपने तेज गेंदबाजों को अधिक मौका दे रहा है। बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप ने बांग्लादेश के खिलाफ यह जिम्मेदारी निभाई और मेजबान टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ भी इन तीनों के साथ उतर सकती है। अगले कुछ दिनों में मौसम भी खराब रहने की भविष्यवाणी है जिससे तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का मामला मजबूत हो गया है। हालांकि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी योजना का खुलासा नहीं किया है।

### पिच आकलन के बाद अंतिम 11 का ऐलान

*गंभीर ने कहा, 'यह (संयोजन) परिस्थितियों, विकेट और विपक्षी टीम पर निर्भर करता है। इस ड्रेसिंग रूम की सबसे अच्छी बात यह है कि हमारे पास इतने सारे स्तरीय खिलाड़ी हैं और हम उनमें से किसी को भी चुन सकते हैं। हम जानते हैं कि वे हमारे लिए काम कर सकते हैं। इसे ही गहराई कहते हैं। हम कल पिच देखेंगे। हम बातचीत करेंगे और देखेंगे कि चिन्नास्वामी स्टेडियम में काम करने के लिए सबसे अच्छा संयोजन क्या है।'*

### अक्षर-कुलदीप पर भरोसा संभव

*भारत बाएं हाथ के पारंपरिक स्पिनर अक्षर पटेल और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव पर भरोसा कर सकता है। गंभीर ने रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के साथ एक अतिरिक्त स्पिनर को खिलाने के विकल्प को खुला रखा है। उन्होंने कहा, 'जाहिर है कि हमारे पास बहुत सारे बेहतरीन गेंदबाज हैं, सिर्फ कुलदीप यादव ही नहीं, बल्कि हमारे पास टीम में कई अन्य बेहतरीन गेंदबाज भी हैं। मैंने पहले भी कहा है कि हम किसी को योजना से बाहर नहीं रखते। हम सिर्फ उन्हीं खिलाड़ियों को चुनते हैं जो हमारे लिए काम कर सकें।'*

### न्यूजीलैंड ओरोर्के पर निर्भर

*अगर पिच और परिस्थितियां ऐसी ही रहीं तो न्यूजीलैंड को कोई शिकायत नहीं होगी क्योंकि इससे उनके तेज गेंदबाज की भूमिका अहम हो सकती है। ऐसी स्थिति में न्यूजीलैंड की टीम भारतीय बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ तेज गेंदबाज विलियम ओरोर्के पर बहुत अधिक निर्भर करेगी। ओरोर्के श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड के सबसे सफल गेंदबाज थे जिन्होंने गॉल की पिच से कोई मदद नहीं मिलने के बावजूद आठ विकेट लिए थे।*

**महिला टी20 विश्व कप**

## सेमीफाइनल में पहुंचा न्यूजीलैंड पाकिस्तान और भारत बाहर




एजेंसी ▸▸ दुबई

न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम ने सोमवार को यहां पाकिस्तान को ग्रुप ए के कम स्कोर वाले मैच में 54 रन से हराकर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत से न्यूजीलैंड की टीम ग्रुप ए में चार मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंची।

ऑस्ट्रेलिया की टीम शीर्ष पर रही। न्यूजीलैंड की जीत के साथ भारत और पाकिस्तान का अंतिम चार में जगह बनाने का सपना भी टूट गया। गेंदबाजी की अनुकूल धीमी पिच पर न्यूजीलैंड के 111 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम लेग स्पिनर अमेलिया केर (14 रन पर तीन विकेट) और ऑफ स्पिनर इडेन कार्सन (सात रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने 11.4 ओवर में सिर्फ 56 रन पर ढेर हो गई। इससे पहले बाएं हाथ की स्पिनर नासरा संधू (18 रन पर तीन विकेट) और ऑफ स्पिनर ओमाइमा सोहेल (14 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में न्यूजीलैंड की बल्लेबाजों पर लगाम लगाकर रखी जिससे टीम छह विकेट पर 110 रन ही बना सकी।

### 350 महिला खिलाड़ियों पर आज लगेगी बोली

*नई दिल्ली। हॉकी इंडिया लीग में पहली बार महिलाओं की लीग के लिए होने वाली नीलामी में दुनिया भर की 350 से अधिक खिलाड़ियों पर मंगलवार को यहां बोली लगेगी। सात साल बाद हॉकी इंडिया लीग नए प्रारूप में लौट रही है जिसमें पहली बार महिलाओं की अलग लीग होगी। ऐतिहासिक नीलामी में 250 से अधिक घरेलू और 70 से अधिक विदेशी खिलाड़ियों पर बोली लगाई जाएगी। भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ियों में अनुभवी गोलकीपर सविता, राष्ट्रीय कप्तान सलीमा टेटे, ड्रैग फ्लिकर दीपिका , अनुभवी वंदना कटारिया और फॉरवर्ड लालरेम्सियामी शामिल हैं।*

**रणजी ट्रॉफी**

## ईश्वरन ने बंगाल और गर्ग ने यूपी के लिए जड़ा शतक



एजेंसी ▸▸ लखनऊ

अनुभवी सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने नाबाद 127 रन की पारी खेलकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां बंगाल को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। यह उनका प्रथम श्रेणी में 27वां शतक था। प्रियम गर्ग की नाबाद शतकीय पारी से उत्तर प्रदेश इस मुकाबले को ड्रॉ कराने में सफल रहा। पहली पारी में बढ़त के आधार पर इस मैच से बंगाल को तीन जबकि उत्तर प्रदेश को एक अंक मिला। बंगाल ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 141 रन से आगे से करते हुए तीन विकेट पर 254 रन पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। ईश्वरन ने 172 गेंद में नाबाद 127 रन बनाए। प्रथम श्रेणी में यह उनका लगातार चौथा शतक है। उत्तर प्रदेश को जीत के लिए 274 रन का लक्ष्य मिला लेकिन खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक टीम 51 ओवर में छह विकेट पर 162 रन ही बना सकी।

### बड़ौदा ने गत चैंपियन मुंबई को हराया

**वड़ोदरा।** बाएं हाथ के स्पिनर भार्गव भट्ट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए छह विकेट चटकाए। इससे बड़ौदा ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच के अंतिम दिन गत चैंपियन मुंबई को 84 रन से हरा दिया। जीत के लिए 262 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 42 बार की चैंपियन मुंबई की टीम 48.2 ओवर में 177 रन पर आउट हो गई।

### छत्तीसगढ़ का मैच ड्रॉ, दिल्ली को तीन अंक

**रायपुर।** नवदीप सैनी के तीन विकेट की मदद से दिल्ली ने रणजी ट्रॉफी मौजूदा सत्र के पहले मैच में छत्तीसगढ के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल कर लिए। अनुभवी जोंटी सिद्धू के दूसरे प्रथम श्रेणी शतक की मदद से दिल्ली ने पहली पारी में बढ़त बनाई। छत्तीसगढ के 243 रन के जवाब में दिल्ली ने पहली पारी में 357 रन बनाए थे। बिना किसी नुकसान के 33 रन से आगे खेलते हुए छत्तीसगढ ने 60 ओवरों में छह विकेट पर 179 रन बनाए जब दोनों कप्तानों ने कोई नतीजा नहीं निकलता देख ड्रॉ पर सहमति जताई।

## एशिया कप में भारत ए के कप्तान होंगे तिलक

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा 18 से 27 अक्टूबर तक ओमान में होने वाले टी20 इमर्जिंग टीमों के एशिया कप में भारत ए के कप्तान होंगे जबकि अभिषेक शर्मा उपकप्तान होंगे। इक्कीस वर्ष के वर्मा के पास चार वनडे और 16 टी20 मैचों का अनुभव है जबकि शर्मा आठ टी20 मैच खेल चुके हैं। भारत ए टीम को ग्रुप बी में रखा गया है और उसे 19 अक्टूबर को पाकिस्तान से पहला मैच खेलना है। ग्रुप ए में



अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हांगकांग और श्रीलंका की ए टीमें हैं। पहली बार यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जा रहा है जबकि अब तक 50 ओवरों का ही होता था। भारत ए टीम : तिलक वर्मा (कप्तान), अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, निशांत सिंधू, रमनदीप सिंह, नेहाल वढेरा, आयुष बडोनी, अनुज रावत, साइ किशोर, रितिक शोकीन, राहुल चाहर, वैभव अरोड़ा, अंशुल कंबोज, आकिब खान, रसिख सलाम।

## काउब्वॉयज ने किया तेंदुलकर का सम्मान




एजेंसी ▸▸ ह्यूस्टन

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का यहां डल्लास काउब्वॉयज एनएफएल मैच के दौरान टीम के मालिक जैरी जोंस ने दस नंबर की जर्सी भेंट करके सम्मान किया। अमेरिकी में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता में तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के जरिए योगदान दिया है। एनसीएल के सह मालिक तेंदुलकर अमेरिका में नए दर्शकों तक क्रिकेट को पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। एनएफएल के सबसे मशहूर केंद्रों पर उनका सम्मानित होना क्रिकेट और अमेरिकी खेलों को करीब लाने की दिशा में अहम कदम है।

## कोंटास ऑस्ट्रेलिया की ए टीम में शामिल



एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

घरेलू क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन से लोगों का ध्यान खींचने वाले युवा बल्लेबाज सैम कोंटास को भारत ए के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला के लिए नाथन मैकस्वीनी की अगुवाई में वाली ऑस्ट्रेलिया ए की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। भारत ए पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला की तैयारी के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मैकाय और मेलबर्न में दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा। शेफील्ड शील्ड के पहले मैच की दोनों पारियों में शतक बनाने के कारण 19 वर्षीय कोंटास को ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में शामिल किया गया है।

**आज से शुरू हो रहा सुपर 750 टूर्नामेंट**

# सिंधू, सेन डेनमार्क ओपन में हासिल करेंगे फॉर्म

एजेंसी ▸▸ ओडेन्से

भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 850,000 डॉलर ईनामी राशि के डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के जरिए फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे। दोनों खिलाड़ियों का पिछले सप्ताह फिनलैंड के वांता में हुए आर्कटिक ओपन में प्रदर्शन औसत रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पहले ही दौर में बाहर हो गई जबकि 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन दूसरे दौर में हार गए।

अब यहां सेन का सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है। दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से टकरा सकते हैं। विश्व चैम्पियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से



क्वार्टर फाइनल में टक्कर हो सकती है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा जो पहले दौर में कनाडा की मिशेले ली से हार गई थी। नए कोच अनूप श्रीधर और कोरिया के ली ह्यून इल के मार्गदर्शन में वह पहले दौर में चीनी ताइपै की पेइ यू पो से खेलेंगी। दूसरे दौर में उनका चीन की हान युइ से सामना हो सकता है। महिला वर्ग में फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा भी उतरेंगी। चीन ओपन के क्वार्टर फाइनल तक पहुंची बंसोड का सामना पहले दौर में वियतनाम की एंगुयेन टी लिन्ह से होगा जबकि कश्यप की टक्कर थाईलैंड की सुपनिदा केटथोंग से होगी। ओडिशा ओपन 2022 विजेता हुड्डा का सामना अमेरिका की लौरेन लाम से होगा।

### त्रिसा-गायत्री देंगी चुनौती

पुरुष युगल में भारत की कोई टीम नहीं है जबकि महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद खेलेंगी। दोनों का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त मलेशिया की पीयर्ली तान और टी मुरलीधरन से होगा। स्वेतापर्णा और रितुपर्णा पांडा का सामना चीनी ताइपै की चांग चिंग हुइ और यांग चिंग तुंग से होगा। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी का सामना कनाडा के केविन ली और एलियाना झांग से होगा जबकि सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ की टक्कर इंडोनेशिया के रेहान के और लीसा कुसुमवती से होगी।

भारत में शादी-ब्याह हो या कोई पर्व-त्योहार, हर राज्य की अपनी परंपराएं और रीति-रिवाज होते हैं। सबको निभाने की अलग रस्मे होती हैं। कई रस्में तो ऐसी होती हैं, जिसके बारे में सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। ऐसी रस्मे, रीति-रिवाज जिनके बारे में शायद आप जानते भी न हों। देश में कई जाति, जनजातियां है। इन्हीं में से एक है थारू जनजाति।

# अजीब परंपरा: यहां नई दुल्हन पैर से देती है खाने की थाली

**नई दिल्ली।** ये उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और यहां तक कि ये जनजाति नेपाल में भी रहती है। कहा जाता है कि यहां कि महिलाओं को पुरुषों से ऊंचा स्थान और दर्जा प्राप्त है।



## गौने रस्म को कहते हैं 'चाला'

थारू जनजाति में जब किसी का विवाह होता है, तो नई नवेली दुल्हन पहली बार ससुराल में रसोईघर में खाना पकाती है। ये रस्म तो कई जगह निभाई जाती है, लेकिन जब थारू जनजाति में नई दुल्हन शादी करके अपने ससुराल जाती है और पहली बार कुछ बनाती है, तो अपने पति को खाने के लिए वह चीज बड़े ही अजीब तरीके से देती है। आमतौर पर ऐसा करने पर लोग नाराज हो सकते हैं, लेकिन यहां इस रस्म को खुशी-खुशी निभाई जाती है। दरअसल, दुल्हन थाली में भोजन डालकर अपने हाथों से नहीं, बल्कि पैरों से खिसकाकर थाली को अपने पति को देती है। इस रस्म को दूल्हा भी प्यार से निभाता है। जब दुल्हन थाली को अपने पैर से खिसकाकर पति को देती है तो दूल्हा उसे पहले अपने सिर पर लगाता है। उसके बाद ही खाना खाता है। इस रस्म को 'अपना पराया'कहा जाता है। थारू समुदाय में शादी के बाद होने वाली रस्म गौने को 'चाला'कहते हैं।



## थार मरुस्थल में रहने के कारण पड़ा 'थारू' नाम

चंपारन (बिहार), नैनीताल, ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड), लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) में थारू जनजाति के लोग सबसे अधिक रहते हैं। इसके अलावा, नेपाल की कुल आबादी में इस जनजाति के लोग 6-7 प्रतिशत है। उत्तराखंड में कुमाऊं क्षेत्र के कई गांवों में भी ये जनजाति रहती है। ये लोग जंगल, पहाड़ों, नदियों के इलाके में अपना घर बसाकर रहते हैं। जिस संस्कृति, संस्कार के लिए ये जनजाति जानी जाती है, वे आज भी इनके रहन-सहन में देखने को मिलती है। कहा जाता है शब्द 'थारू'की उत्पत्ति राजस्थान के थार मरुस्थल में रहने वाले लोगों के कारण पड़ा है।

खतरनाक

# झटके से करोड़पति बन रहे यहां के किसान, करते हैं सांपों की खेती

किंग कोबरा है धरती का सबसे लंबा जहरीला सांप

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

दुनियाभर में एक से बढ़कर एक खतरनाक और जहरीले सांप हैं, जो पलभर में किसी को भी मौत की नींद सुला सकते हैं। इनमें से किसी सांप के जहर का एक बूंद दर्जनों लोगों को मारने के लिए काफी होता है, तो किसी सांप का जहर हाथी जैसे विशाल जीव को भी पलभर मार सकता है। इनलैंड ताइपन, करैत से लेकर कोबरा तक शामिल हैं। किंग कोबरा को तो धरती का सबसे लंबा जहरीला सांप माना जाता है। लेकिन, जिन सांपों को देखकर हमारी रूह कांप जाती है, वो असल में फायदेमंद भी होते हैं। ये सांप फसल को बर्बाद करने वाले चूहों का शिकार करते हैं।



## वीडियो हो रहा वायरल

यूट्यूब पर कोबरा फार्मिंग का एक वीडियो शेयर किया गया, जिसे देखने के बाद आपको डर लगेगा। वायरल हो रहे इस वीडियो में एक शख्स अपने घर में चिकन से भरा बर्तन रखा है। पहली बार में ऐसा लगता है कि ये अपने दोस्तों को पार्टी देने वाला होगा. लेकिन अगले ही पल सच्चाई सामने आ जाती है। वो शख्स चिकन में प्रोटीन पाउडर मिला रहा है। फिर ये शख्स एक कमरे के अंदर जाता है, जहां पर छोटे-छोटे बॉक्स जैसे डब्बे बने हुए हैं। उन बॉक्स के बाहर कुंडी भी लगी हुई है। शख्स जैसे ही कुंडी खोलता है, अंदर फुंफकारता हुआ एक गेहुअन सांप बाहर आ जाता है। वो शख्स डरकर पीछे हट जाता है। फिर धीरे से प्लेट में चिकन को डालकर उसे बाड़े में धकेल देता है। कोबरा भी खाना पाकर चुपचाप अंदर चला जाता है। वीडियो में एक सांप तो खाना छोड़कर शख्स पर ही अटैक करने को आमादा दिखता है।



## सांपों को पालने का ट्रेंड चल रहा है।

लेकिन, क्या आपने जहरीले सांपों की खेती के बारे में सुना है? अगर नहीं सुना तो बता दें कि चीन से लेकर वियतनाम तक, इन देशों में आजकल कोबरा जैसे खतरनाक सांपों को पालने का ट्रेंड चल रहा है। पालने से मतलब, ढेर सारे सांपों को पालकर पैसे बनाने से है। लोग इनकी खेती करके यानी पालकर करोड़ों रुपए कमा रहे हैं और झटके में करोड़पति बन रहे हैं।



## कितने खतरनाक होते हैं कोबरा, क्यों पालते हैं लोग?

ब्लैक माम्बा, इनलैंड ताइपन के साथ-साथ कोबरा को भी धरती का सबसे जहरीला और खतरनाक सांप माना जाता है। किंग कोबरा एक बार यदि काट ले तो लगभग 200 से 500 मिलीग्राम तक जहर अपने शिकार के शरीर में छोड़ता है, लेकिन कुछ रिसर्च में ये भी दावा किया गया है कि एक बार डंसने पर वे 7 मिलीलीटर तक जहर छोड़ सकते हैं। साथ ही इसके जहर का 10वां हिस्सा भी 20 लोगों को मार सकता है। फिर इतना खतरनाक होने के बावजूद लोग इसकी खेती कैसे कर रहे हैं? ऐसे में बता दें कि इन जहरीले सांपों की खेती से वियतनाम के लोग करोड़ों रुपए कमाते हैं। सबसे पहले तो ये इन सांपों के जहर को बेच देते हैं, जिससे एंटी वेनम तैयार किया जाता है। इसके बाद सांप को मारने के बाद उसके हार्ट और खून को भी बेच दिया जाता है, जिसे लोग पीते हैं। ऐसा दावा किया जाता है कि इससे यौन शक्ति बढ़ती है। इतना कुछ करने के बाद सांपों को टुकड़े-टुकड़े कर उसका मीट बनाया जाता है, जिसे लोग मजे से खाते हैं। इस तरह एक सीजन में सैकड़ों-हजारों सांपों को पालकर लोग करोड़ों रुपए कमा लेते हैं।

# मौत के बाद गिद्ध को खिला देते हैं लाश अंतिम संस्कार की ऐसी है परंपरा

**नई दिल्ली।** एक रिपोर्ट के अनुसार पारसियों में टावर ऑफ साइलेंस में शव को रखने की परंपरा है। इसे दखमा कहा जाता है। मुंबई में ये एक जगह है, जहां लाश को रखा जाता है। यहां गिद्ध मौजूद होते हैं। लाश को गिद्धों के हवाले कर देते हैं। जो उसे नोच-नोचकर खा जाते हैं। पर सोचने वाली बात है कि इस धर्म में अंतिम संस्कार ऐसा क्यों है?



## इस वजह से गिद्ध को खिलाते हैं लाश

जोरोएस्ट्रिनिइजम धर्म में जीवन को अंधेरे और रोशनी के बीच की जंग माना जाता है। जब इंसान की मौत हो जाती है, यानी वो अंधकार में चला जाता है, जिसे बुराई भी माना जाता है। उनका मानना है कि जब व्यक्ति मर जाता है तो उसके शरीर पर बुरी शक्तियों का वास हो जाता है। लोग नहीं चाहते कि ये बुरी शक्ति प्रकृति के किसी भी तत्व में मिले। इस धर्म में धरती, अग्नि और पानी को प्रकृति का सबसे महत्वपूर्ण तत्व माना जाता है। अगर वो लाश को दफनाएं या जलाएं, तो वो बुरी शक्तियां इन तत्वों में मिल जाएंगी।

## खत्म होती जा रही है परंपरा

गिद्धों को लाश खिलाने से वो बुरी शक्तियां किसी भी तत्व में प्रत्यक्ष तौर पर नहीं मिलतीं, मगर परोक्ष रूप से मिल भी जाती हैं। इसके अलावा गिद्धों को लाश खिलाकर मरने वाला मौत के बाद भी दान कर के जाता है। इसे इंसान का आखिरी दान माना जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार धीरे-धीरे पारसियों में ये परंपरा खत्म होती जा रही है, क्योंकि गिद्ध विलुप्त होते जा रहे हैं। अब पारसियों में लाश को जलाने की परंपरा शुरू होती जा रही है।


श्रद्धांजलि एवं पगड़ी रस्म

स्व. श्री किशन अग्रवाल जी
(पिता स्व. श्री नरसिंह लाल जी अग्रवाल )
का बैकुंठवास शुक्रवार,
दिनांक 04.10.2024 को हो गया है |



कार्यक्रम विवरण
मंगलवार, दिनांक 15 अक्टूबर 2024, सायं 4 बजे
स्थान : खालसा स्कूल, कचहरी चौक के पास, पंडरी रायपुर (छ.ग.)

शोकाकुल
भाई: श्यामसुंदर अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल (पूर्व अध्यक्ष, विधानसभा छ.ग.), अशोक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विजय अग्रवाल,
सुपुत्र : भावेश अग्रवाल भतीजे: संजय, नितिन, अनुराग, अक्षत, आदित्य, विवान


## सिर्फ अंडे खाती है ये लड़की, खाना देखकर बॉयफ्रेंड ने कर लिया ब्रेकअप!

**लंदन।** आपने अंडों को लेकर कई विज्ञापन सुने होंगे, 'संडे हो या मंडे, रोज खाओ अंडे!' या फिर 'जो अंडे रोज खाते हैं, वो हट्टे-कट्टे होते हैं!' पर जब कोई दिन में हर वक्त सिर्फ अंडे ही खाए, तो क्या ऐसे व्यक्ति को पसंद किया जाएगा? हाल ही में एक ग्लैमरस महिला ने अपने फिटनेस के बारे में बताते हुए कहा कि वो रोज इतने ज्यादा अंडे खाती है कि लोगों को उसकी डायट से नफरत होने लगी है। यही कारण है कि उसके कुछ बॉयफ्रेंड्स भी उसे छोड़कर जा चुके हैं। पर वो अपनी इस डायट को नहीं छोड़ना चाहती। उन्होंने खुलासा किया कि वो 1 महीने में 1200 के करीब अंडे खा जाती हैं।




### बॉडी बनाने के लिए खाती हैं सिर्फ अंडे

फिगर को बनाए रखने के लिए वो प्रोटीन काफी मात्रा में खाती हैं। प्रोटीन में सबसे ज्यादा अंडे ही शामिल हैं। आप तो जानते ही होंगे कि अंडे में काफी प्रोटीन होता है और जिम जाने वाले लोग तो कई बार कच्चा अंडा तक फोड़कर पी जाते हैं। अपने फिगर से वो जिम के जरिए और सोशल मीडिया पर कंटेंट बनाकर पैसे भी कमाती हैं।

# 80 फीट ऊंचे पेड़ पर चढ़ीं 3 महिलाएं 9 दिन तक नहीं उतरेंगी, करेंगी आराधना

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची से 17 किमी की दूरी पर एक अजीब घटना घटी। हुड़वा सरना स्थल का नजारा देखने वाले लोग हैरान हैं। दरअसल, यहां सरना स्थल में तीन महिलाएं पेड़ पर 80 फीट ऊपर चढ़कर सरना मां की आराधना कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने इन्हें नीचे उतरने को कहा, लेकिन इन्होंने साफ तौर पर कहा कि वे 9 दिन के बाद ही उतरेंगी।

दरअसल, इन तीन महिलाओं का नाम सालगी टोप्पो, नागी टोप्पो व बाबी टोप्पो। यह तीनों बीते बृहस्पतिवार से सरना मां की पूजा करने पेड़ पर चढ़ी हैं। अब 9 दिन के बाद ही नीचे आएंगी। लोगों ने बताया कि उन्होंने इशारा करके बताया कि फिलहाल वह तीनों साधना करने के लिए ऊपर चढ़ी हैं और उनको ज्यादा डिस्टर्ब न किया जाए।



## साधना के लिए चुना पेड़

नीचे इन लोगों की रखवाली करते हुए संतोषी देवी बताती हैं, मैं यहीं बगल में रहती हूं और इन लोगों को ऊपर बैठा देख हम लोग भी नीचे बैठकर इनकी रखवाली करते रहते हैं। हम लोगों का सरना मां पर अटूट विश्वास है। हम लोग प्रकृति की पूजा करते हैं। जल, जंगल व जमीन की पूजा करते हैं, इसलिए इन तीनों ने साधना के लिए भी प्रकृति की गोद को चुना।

**ऐसा पहली बार देख रहे हैं :** संतोषी देवी ने आगे बताया, साधना करने के लिए इन तीनों को कई शांत-एकांत जगह जहां पर कोई भी इनको परेशान न करे चाहिए थी। इसलिए, इन्होंने पेड़ में इतना ऊपर जाकर साधना करने की ठानी।

# खतरनाक अर्चिन की स्टडी कर रहे थे साइंटिस्ट, शार्क ने दिया सरप्राइज

**सिडनी।** क्लाइमेंट चेंज से दुनिया काफी बदल रही है। साइंटिस्ट इस बदलाव और उसके प्रभाव को समझने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई साइंटिस्ट को तब हैरानी हुई जब वे समुद्री अर्चिन का अध्ययन कर रहे थे। ये जीव समुद्री जीवन के हालात को नष्ट कर देते हैं और पर्यावरण के लिए खतरा माने जाते हैं। इन्हें नष्ट करना आसान नहीं होता, क्योंकि अभी तक माना जाता था कि इनके छोटे प्रकार को केवल झींगा मछली ही खाती है।



लेकिन, अपनी रिसर्च के दौरान नए वीडियो में वैज्ञानिकों ने देखा कि में उन्होंने बड़े अर्चिन खा कर शार्क उन्हें खत्म करने में मददगार हो सकती हैं।

**अर्चिन की गंभीर समस्या :** ग्लोबल वार्मिंग की वजह से पूर्वी ऑस्ट्रेलियाई धारा तेज हो रही है। यह उष्णकटिबंधीय जल और उनमें रहने वाली कई प्रजातियों को और दक्षिण की ओर धकेल रही है। इससे हालात ऐसे बन रहे हैं कि समुद्री जीवन में जीव की यहां संख्या बढ़ने लगी है।

### क्या पता लगाना चाहते थे साइंटिस्ट?

इसी समस्या के हल की तलाश ने वैज्ञानिकों को नए अध्ययन के लिए प्रेरित किया, जिसके नतीजों की उन्हें उम्मीद नहीं थी। अर्चिन का शिकार करने वाली कुछ प्रजातियों में से एक पूर्वी रॉक लॉबस्टर यानी समुद्री झींगा, सग्मारियासस वेरॉक्सी है। वे देशी छोटी-कांटेदार अर्चिन, हेलियोसिडारिस एरिथ्रोग्रामा खाते हैं, लेकिन यह साफ नहीं है कि वे लंबी-कांटेदार सेंट्रोस्टेफ़नस रॉजर्सि के खिलाफ लड़ाई में कितने शामिल हैं।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com